रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-263 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### महिला आयोग ने केरल पुलिस को भेजा नोटिस

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने केरल में एक नवविवाहिता के साथ घरेलू हिंसा और पुलिस की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन भीतर जवाब मांगा है। महिला आयोग ने बुधवार को यहां बताया कि आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस संबंध में मीडिया में आये समाचारों को देखकर स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया के अनुसार केरल के पारावुर में एक नवविवाहित के साथ उसके पति ने हिंसा की है जिससे उसे गंभीर चोटें आयी है। नवविवाहिता का आरोप है कि पुलिस उसकी शिकायत पर निष्क्रिय बनी रही।

### झारखंड में ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया

**रांची।** झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने मंत्री आलम के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ के लिए समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था। ईडी के समन को लेकर आलम पूछताछ के लिए लगभग पौने ग्यारह बजे ईडी ऑफिस पहुंचे थे।

### मधुमक्खियों के हमले से 26 घायल, छह की हालत गंभीर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर नगरनार थाना अंतर्गत बिलोरी गांव में पूजा के दौरान जलाई गई आग के धुएं की वजह से मधुमक्खियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया और 26 ग्रामीण घायल हो गए, जिनमें से छह की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरनार थाना अंतर्गत बिलोरी गांव में पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूजा स्थल के नजदीक ही कई मधुमक्खियों के छत्ते थे। पूजा के दौरान आग जलाने से उठे धुएं की वजह से मधुमक्खियां ने छत्ते से बाहर निकलकर ग्रामीण पर हमला कर दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई और 26 लोग घायल हो गए। जिनमें से छह की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को उपचार के लिए जगदलपुर के महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


# वित्त मंत्री चौधरी ने अफसरों के लिए खींची लकीरें

## कलेक्टर, एसपी, सचिव स्तर के अफसर अब 12 लाख रूपए तक के वाहनों का ही कर सकेंगे उपयोग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर खास

राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अफसरों के लिए लकीरें खींचना शुरू कर दिए हैं। अफसरशाही से निकलकर नेता बने ओपी चौधरी यह भली-भांति जानते हैं कि राज्य में व्यर्थ हो रहे राजस्व को कैसे रोका जा सकता है। शायद इसीलिए ओपी चौधरी लगातार इस दिशा में सख्त निर्णय ले रहे है। ओपी ने पहले शराब की दरों में वृद्धि की, बाद में जमीन की रजिस्ट्री में मिल रही 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त कर दिया। उन्होंने अब अफसरों की भी सीमाओं को भी याद दिलाया है। दरअसल में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने पहले बजट भाषण में ही स्पष्ट कर दिया था कि वह राजस्व बढ़ाने का हर संभव प्रयास करेंगे। यहां तक कि सरकारी लीकेज को रोकने का हर तरह से प्रयास किया जाएगा। चूंकि ओपी खुद आईएएस रह चुके हैं, उन्हें यह पता है कि अफसरों के स्तर पर कहां-कहां लीकेज रोके जा सकते हैं। इस दिशा में भी वह लगातार कार्य कर रहे है। फिलहाल वित्त मंत्री चौधरी ने सरकारी वाहनों में कटौती कर एक सीमा रेखा तय की है। अब सचिव या सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के लिए अधिकतम 12 लाख रुपये तक की ही गाड़ियां खरीदी जा सकेंगी। यहीं नहीं अब अफसर अपने कार्यक्षेत्र से बाहर सरकारी वाहन नहीं ले जा सकेंगे। इसके लिए पेट्राल और डीजल की लिमिट भी तय की गई है। अफसर यदि इसका उलंघन करेंगे तो उनके वेतन से वसूली का प्रावधान किया गया है, साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही का भी प्रावधान है। इसके साथ ही संयुक्त संचालक एवं इससे उच्च स्तर के अधिकारी 8.50 लाख रूपए तक के ही वाहनों की सवारी कर सकेंगें। मैदानी कार्यालयों के अधिकारियों के लिए अधिकतम 10 लाख रूपए के वाहन खरीदे जा सकेंगे। वित्त विभाग के इस आदेश के बाद अफसरों में खलबली मची हुई है। ज्यादातर जिलों में और मुख्यालयों में 25 से 30 लाख रूपए तक के वाहनों की सवारी करते हुए अफसर नजर आते है। ओपी के इस आदेश के बाद अब इन अफसरों को परहेज करना पड़ेगा।


छत्तीसगढ़ शासन
वित्त विभाग
—: मंत्रालय :—
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
क्रमांक 1554 /सम./ब-4/चार नवा रायपुर अटल
प्रति,
शासन के समस्त विभाग
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, बिलासपुर
समस्त विभागाध्यक्ष
समस्त संभागायुक्त
समस्त जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़
विषय :— शासकीय वाहनों की पात्रता एवं क्रय।
संदर्भ :— 1. वित्त विभाग का ज्ञापन क्रमांक 1217/2009/वित्त/ (वित्त निर्देश 36/2009)
2. वित्त विभाग का ज्ञापन क्रमांक 1147/एफ 00-0 25.10.2016 (वित्त निर्देश 26/2016)
3. वित्त विभाग का ज्ञापन क्रमांक 1571/ब-4/चार, दिनांक 03.01.2020 (वित्त निर्देश 01/2020)
—000—
राज्य शासन द्वारा संदर्भित ज्ञापनों के माध्यम से शासकीय वाहनों की पात्रता एवं क्रय के साथ नवा रायपुर अटल नगर स्थित कार्यालयों हेतु शासकीय वाहनों की ईंधन सीमा के निर्धारण के संबंध में निर्देश जारी किए गए है। उक्त समस्त निर्देशों को अधिक्रमित करते हुए निम्नानुसार समेकित निर्देश जारी किया जाता है :—
01. विभाग/कार्यालय में शासकीय वाहनों की उपलब्धता के आधार पर शासकीय वाहन की पात्रता निम्नांकित अधिकारियों को होगी :—
(अ) अखिल भारतीय सेवा के वरिष्ठ वेतनमान एवं उससे ऊपर के अधिकारी।
(ब) मंत्रालय तथा विभागाध्यक्ष कार्यालय के संयुक्त संचालक व उसके ऊपर के ऐसे अधिकारी, जिनके कार्य की प्रकृति ऐसी हो जिन्हें वाहन देना आवश्यक हो तथा
मैदानी कार्यालय के ऐसे अधिकारी, जिनके लिये प्रशासकीय विभाग, वित्त विभाग की सहमति से पात्रता निर्धारित करें।
वाहन का क्रय व्यय का नवीन मद है। अतः कोई भी नया वाहन वित्त विभाग के माध्यम से ... में प्रावधान कराने के बाद, सक्षम स्वीकृति के पश्चात् ही क्रय किये जाये।
वाहन भंडार क्रय नियम का पालन करते हुये क्रय किये जाये।
वाहन ऐसे क्रय किये जायें जिनकी परिचालन लागत तथा ईंधन व्यय कम हो।
... उपयोग करने वाले प्राधिकारी के आधार पर नये वाहन क्रय हेतु निम्नानुसार संशोधित वित्तीय सीमा निर्धारित की जाती है :—
(अ) सचिव अथवा सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी तथा जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के उपयोग हेतु रू. 12.00 लाख की सीमा तक तथा
(ब) मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में पदस्थ संयुक्त संचालक एवं उच्च स्तर के अधिकारी के उपयोग हेतु रू. 08.50 लाख की सीमा तक।
(स) मैदानी कार्यालय के अधिकारियों एवं पुल वाहन हेतु रू. 10.00 लाख की सीमा तक (कार्य एवं आवश्यकता के दृष्टिगत केवल Utility Vehicle SUV TYPE वाहनों हेतु रू. 10.00 लाख, शेष हेतु रू. 08.50 लाख तक)।

PUBLIC NOTICE


This is to inform the general public that Employees and Directors of **SOKKA CREATION PRIVATE LIMITED** having its Registered office at 122, 1st Floor, Devika Tower, Nehru Place New Delhi-110019, and office at Plot no 262-I, Sector-24 Faridabad (Haryana) is unauthorisedly publishing hindi newspaper **'PIONEER'** Faridabad Edition without there being any authority from **CMYK PRINTECH LIMITED,** a company which owns the trademark of **'PIONEER'**. Further, the news contents published in the said newspaper are also not vetted by **CMYK PRINTECH LIMITED,** and therefore neither the **CMYK PRINTECH LIMITED** nor any of its stakeholders shall be responsible for any act or omission on the part of general public that associated with **'PIONEER'** Faridabad Publication in any manner, whatsoever.

**Sd/-**
**Mukesh Kumar Jain**
**Resolution Professional**
**CMYK Printech Limited**

**Date: 16.05.2024**
**Place: New Delhi**

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर साधा जमकर निशाना

वार्ता < नासिक
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि जैसा कि एमवीए के एक प्रमुख नेता ने संकेत दिया है कि भाजपा-राजग लोकसभा चुनावों में एक महत्वपूर्ण जीत के लिये तैयार है। एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना-(उद्धव गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं। उत्तरी महाराष्ट्र में जिले के डिंडोरी शहर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने देश में विकसित राजनीतिक परिदृश्य के बारे में चर्चा करते हुये कहा, राजग गठबंधन एक महत्वपूर्ण जीत के लिये तैयार है, जैसा कि गठबंधन के एक प्रमुख नेता ने संकेत दिया है। उन्होंने दावा करते हुये कि कांग्रेस विपक्ष के नेता पद का दावा करने के लिये पर्याप्त सीटें सुरक्षित नहीं कर पायेगी। मोदी ने बाल ठाकरे का उद्धत करते हुये कहा, जिस दिन मुझे लगेगा कि शिव सेना कांग्रेस में तब्दील हो गयी है, मैं शिव सेना को भंग कर दूंगा। अब जो कुछ भी सामने आ रहा है, वह बाला साहेब की इच्छा के अनुरूप है।

# पश्चिम बंगाल को 'भारत का पाकिस्तान' बनाना चाहती हैं ममता : गिरिराज

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत को 'इस्लामिक राष्ट्र' वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को 'भारत का पाकिस्तान' बनाना चाहती हैं।


सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी भारत को एक इस्लामिक राष्ट्र बनाना चाहते हैं और मुसलमानों को मजबूती से स्थापित करने का एजेंडे को लागू करने के लिए वे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'देश में लोकतंत्र तब तक जारी रहेगा जब तक सनातन बहुमत में है।' उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी की देशभक्ति पर संदेह व्यक्त करते हुए दावा किया कि दोनों भारत से भागने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें देश से प्यार नहीं है।

# नागरिकता संशोधन नियम के तहत नागरिकता प्रमाण पत्रों का वितरण शुरू

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने धार्मिक उत्पीड़न के कारण पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से आकर यहां बसने वाले छह समुदायों के व्यक्तियों को नागरिकता (संशोधन) नियम (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र बांटने का काम शुरू कर दिया है और केन्द्रीय गृह सचिव ने नागरिकता प्रमाण पत्र देकर इसकी शुरूआत की। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि गत मार्च में सीएए से संबंधित अधिसूचना जारी किये जाने के बाद योग्य लोगों को नियमों के अनुसार नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू हो गया है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यहां कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डाक विभाग के सचिव, खुफिया विभाग के निदेशक और भारत के महापंजीयक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे। सरकार ने गत 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन के तरीके, जिलास्तरीय समिति द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इन नियमों के लागू होने के बाद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## आजादी के समय का वादा मोदी ने सीएए के जरिये किया पूरा: शाह



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण यहां आने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को बुधवार से नागरिकता प्रमाण पत्र देना शुरू कर दिया। शाह ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मोदी की गारंटी का वादा पूरा होने की गारंटी। उन्होंने लिखा आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गयी है। आजादी के समय किए गए वादे को आज नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा करके दिखाया है।

# कमला बेनीवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया धनखड़ ने



**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने त्रिपुरा, गुजरात और मिजोरम की पूर्व राज्यपाल एवं राजस्थान की पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ कमला बेनीवाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। धनखड़ ने बुधवार को यहां जारी एक शोक संदेश में कहा कि डॉ बेनीवाल एक योग्य प्रशासक और वरिष्ठ राजनेता थी। वह नारी सशक्तिकरण का प्रतीक थी। उनकी सरलता और कर्तव्य निष्ठा लोगों को प्रभावित करती थी। उप राष्ट्रपति ने कहा, मैं डॉ बेनीवाल से पांच दशक से परिचित हूं। उनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। ईश्वर उनके परिजनों और मित्रों को यह दुख सहने की शक्ति दे। ओम शांति। डॉ बेनीवाल ने आज जयपुर के फोर्टिस अस्पताल अंतिम सांस ली। वह 97 वर्ष की थी।

# हम 'मजबूत भारत' बनाना चाहते हैं और इंडिया समूह 'मजबूर भारत': जेपी नड्डा

एजेंसी < बांकुरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इंडिया समूह और तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन पर अपने विभाजनकारी एजेंडे से देश को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। नड्डा ने बांकुरा से मौजूदा भाजपा सांसद डॉ. सुभाष सरकार और पुरुलिया से निवर्तमान सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोगों के समर्थन से इंडिया समूह और तृणमूल को फिर से हराने का विश्वास जताया और कहा, मोदी मजबूत भारत बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं इंडिया समूह और तृणमूल मजबूर भारत बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर घुसपैठियों से समझौता करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह आतंकवादियों के प्रति भी नरम हैं। वह आतंकवादियों को शरण देने वालों को आश्रय और संरक्षण दे रही हैं। भाजपा अध्यक्ष ने पूछा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम आतंकवादियों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। मुझे बतायें कि आप केंद्र में कमजोर सरकार चाहते हैं या मजबूत सरकार। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विरोधियों की ओर से उनके निहित स्वार्थों के लिए विरोध के बावजूद जिम्मेदारी, प्रदर्शन, जवाबदेही और सामर्थ्य की राजनीति कायम रखे हुए है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के तहत देश ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवां स्थान हासिल किया और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंचने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने विशेष रूप से बनर्जी की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आतंकवाद पर नरम थीं और उन्होंने राज्य को घुसपैठियों एवं रोहिंग्याओं का गढ़ बना दिया। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया हम किसी भी आतंकवादी को नहीं छोड़ेंगे, जैसा कि मोदी ने जम्मू-कश्मीर में किया था, जहां कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री उन्हें नाश्ते की मेज पर बातचीत के लिए आमंत्रित करते थे। नड्डा ने बनर्जी पर बंगाल के लोगों को धोखा देने के लिए केंद्रीय योजनाओं को नया रूप देने का तथा वोट बैंक की राजनीति के डर से गरीबी उन्मूलन के लिए कई अन्य योजनाओं और मुफ्त चिकित्सा योजनाओं का भी विरोध करने का भी आरोप लगाया।

## मोदी की गारंटी का हर वादा हो रहा पूरा

# हरे सोने का दे रहे अच्छा दाम, आदिवासी भाई-बहनों के जीवन में आएगी खुशहाली : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो चुका है। राज्य के 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियन, 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण और भंडारण कार्य जोरों पर है। इस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है और इसे तेंदूपत्ता संग्राहकों की जिंदगी में साकारात्मक परिवर्तन लाने वाला बताया है। साय ने कहा कि राज्य में हरा सोना तेंदूपत्ता की खरीदी हमनें शुरू कर दी है। जिसके संग्रहण का कार्य जून प्रथम सप्ताह तक जारी रहेगा। मोदी की गारंटी में किए गए वादे के अनुसार हमारी सरकार 5500 रूपया प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीद रही है। इससे राज्य के साढ़े बारह लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार, जिसमें अधिकांश आदिवासी परिवार हैं, उनकी जिंदगी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि 5500 रूपया प्रति मानक बोरा के साथ लाभांश राशि भी संग्राहक परिवार को देने की गारंटी हमारी सरकार ने दी है। इसके साथ ही संग्राहक परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति भी हमारी सरकार देगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अन्तर्गत तेंदूपत्ता का संग्रहण माह अप्रैल 2024 के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ किया गया है। संग्रहण हेतु 16.72 लाख मानक बोरे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दिनांक 13 मई 2024 तक उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 7.82 लाख मानक बोरे का संग्रहण किया जा चुका है जो निर्धारित लक्ष्य का 45.19 प्रतिशत है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे हुए 12.50 लाख संग्राहक परिवार को रू. 5500 प्रति मानक बोरा की दर से इस संग्रहण के लिए 900 करोड़ रूपये का भुगतान प्राप्त होना संभावित है। अब तक कुल 275.77 लाख रूपये का भुगतान ऑनलाईन किया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि भुगतान में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से साय सरकार द्वारा ऑनलाइन भुगतान हेतु एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से किया गया भुगतान सीधे संग्राहकों के खाते में पहुंचेगा।

## सीएम साय ने सिंधिया की माता माधवी राजे के निधन पर शोक व्यक्त किया

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया का राजधानी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया है। वह 70 साल की थीं। उनका अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सुबह नौ बज कर 28 मिनट पर अंतिम श्वास ली। पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया की पत्नी सिंधिया बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और करीब दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। साय ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक संदेश में लिखा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पूज्य माताजी माधवी राजे सिंधिया जी के निधन की दुःखद खबर प्राप्त हुई। माँ की ममता से बढ़कर और कुछ नहीं होता। दुःख की इस घड़ी में मेरी पूरी संवेदनाएं सिंधिया परिवार के साथ है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

# खडगे और राहुल ने कहा-चार जून के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे



**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी को झूठ की फैक्टरी करार देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार में जितना भी झूठ बोलें, लेकिन सच यही है कि भाजपा चुनाव हार रही है और चार जून के बाद वह देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। गांधी ने बुधवार को कहा, झूठ की फैक्ट्री भाजपा खुद को कितना भी दिलासा दे ले, कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। एक बार फिर कह रहा हूं - 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। देश के हर कोने में इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। खडगे ने कहा, देश में चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं और इंडिया गठबंधन बेहद मजबूत स्थिति में है। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हिंदुस्तान की जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है और 4 जून को गठबंधन नई सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने तंज करते हुए कहा सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, झूठा है तेरा वादा। वादा तेरा वादा, वादे पे तेरे देश मारा गया।

# दिल्ली के लोग तानाशाह सरकार को हटाने के लिए उत्साहित: आप

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्ली का हर मतदाता अपने आप को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मान रहा है और वह इस तानाशाह सरकार को हटाने के लिए बेहद उत्साहित है। पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने 'जेल का जवाब वोट से' अभियान में कहा कि दिल्ली में भाजपा की गारंटी जुमला बन गई है, जबकि अरविंद केजरीवाल की गारंटी हर घर में दिखाई देती है। दिल्ली का हर वोटर अपने आप को केजरीवाल मान रहा है और वो इस तानाशाह सरकार को हटाने के लिए बेहद उत्साहित है। जनता जानती है कि हम उनके सुख-दुख के साथी है, हमने हमेशा उनके बीच रहकर काम किया है। हमारा नारा है, काम किया है, काम करेंगे जन-जन का सम्मान करेंगे, इसलिए आम आदमी पार्टी का चाहे विधायक हो या सांसद सब आम आदमी है। इस दौरान विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि चुनाव में केवल 10 दिन रह गए हैं। आपके पास इस तानाशाही का जवाब देने का मौका है। भाजपा ने हर साल युवाओं को दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिली। इन्होंने पेट्रोल के दाम और महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन नहीं किया। आज लोग भाजपा से सवाल पूछ रहे हैं लोकिन उसके पास कोई जवाब नहीं है। पिछले 10 साल से जो उनके सांसद थे, वह कभी नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि लोगों को सारी सुविधाएं देने के बाद भी दिल्ली सरकार मुनाफे में चल रही है। अब केजरीवाल उन पैसों से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उन्हें हर महीने 1000 हजार रुपए महिला सम्मान राशि देने जा रहे हैं। लोगों को ऐसी सरकार चाहिए जो लोगों से किए वादों को पूरा करे।

# यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा : योगी

वार्ता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेना चाहिए। कांग्रेस पर देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटने का आरोप लगाते हुये उन्होने कहा कि खड़गे ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु श्रीराम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। योगी ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है। उन्होने कहा कि गठबंधन के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना से चिढ़ हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा का चार चरण समाप्त हो चुका है। मोदी की लहर सुनामी बनकर सामने आ गई है और इंडी गठबंधन की हवा निकल चुकी है। जनता ने इन्हें खारिज कर दिया है। इंडी गठबंधन फिर से देश की अपूरणीय क्षति करना चाहता है। मगर, जनता ने इनसे पिंड छुडा लिया है। अब ये देश की सत्ता में कभी नहीं आ सकते। योगी ने कहा कि बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया, तो वहीं सपा ने भी बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित महापुरुषों के स्मारक को तोड़ने तक की बात कही थी। इसके अलावा कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहब के नाम को हटाया था। इतना ही नहीं कांशीराम मेडिकल कॉलेज और भाषा विश्वविद्यालय का नाम बदल दिया था।

इंडिया गठबंधन भारतीय संविधान के खिलाफ आचरण और जाति के नाम पर विभाजन की राजनीति का अनुसरण कर रहा है। उन्होने कहा कि आज का नया भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में सम्मान और सुशासन के नये माहौल में आ चुका है। इस विकसित भारत की संकल्पना से इंडिया गठबंधन को चिढ़ हो रही है। कभी ये पाकिस्तान की वकालत करते हैं, कभी जातीय जनगणना की बात करते हैं। संविधान में जितना संशोधन और छेड़छाड़ कांग्रेस ने किया उतना किसी ने नहीं किया। अब ये लोग एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। आने वाले तीन चरणों में भी इन्हें जनता खारिज करेगी। योगी ने कहा कि इंडिया गठबंधन राम विरोधी, भारतीय आस्था का विरोधी और आरक्षण विरोधी है। यूपीए सरकार ने पहले ही रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी का गठन करके आरक्षण में सेंध लगाने की कोशिश की थी। ये विरासत टैक्स लगाकर औरंगजेब की तरह ही जजिया कर लगाना चाहते हैं। इन्हें एक सिरे से खारिज करना होगा। उन्होने कहा यूपी में 2014, 2017, 2019 और 2022 में मोदी को जनता ने अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया था। अब 2024 में फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जनता मोदी के साथ है।

# संविधान को बचाने चुनाव में गठबंधन की होगी जीत : खड़गे

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com



## भाजपा का रथ धंस चुका है : अखिलेश

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने ही बिछाये जाल में फंस चुकी है और चार जून को उसकी विदाई तय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ यहां एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि भाजपा अपने ही नेगेटिव नेरेटिव में फंस गई है। भाजपा का रथ फंस नहीं गया बल्कि धंस गया है। उन्होने कहा कि संविधान को बदलने के भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं होगे। किसान भाजपा के काले कानून को भूला नहीं है। वह थार वाली घटना भी नहीं भूला है। किसानो की आय दोगुनी करने वाले भाजपा के वादे को किसान भूला नहीं है, उसकी आय तो दोगुनी नहीं हुयी बल्कि खाद की बोरी से खाद चोरी हो गयी। पिछले एक साल में देश भर में एक लाख किसान आत्महत्या कर चुका है। यादव ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 सीटों पर चुनाव जीत रहा है और बची हुयी एक सीट वाराणसी में भी गठबंधन लड़ाई में है। गठबंधन यूपी और देश में सबसे ज्यादा सीटें जीत रहा है जबकि भाजपा 140 सीटों पर सिमट जायेगी।

भारतीय जनता पार्टी पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान बचाने की लड़ाई में जनता इंडिया गठबंधन के साथ है और चार जून को भाजपा की विदाई तय है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में खड़गे ने कहा कि यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है जिसमें भाजपा पूंजीपतियों के साथ अंध श्रद्धा दिखा रही है वहीं 26 दल मिल कर गरीब, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि अगले कार्यकाल में वे संविधान मे बदलाव करेंगे। अगर वे संविधान बदलेंगे तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जायेगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर किसी को अपनी बात रखने का हक है मगर संविधान में बदलाव कर भाजपा यह हक भी मिटाना चाहती है। इसलिये यह देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है आगे की पीढ़ी को सुरक्षित रखने का चुनाव है। अगर संविधान बचेगा तो सब कुछ बचेगा, वरना हम गुलामी में चले जाएंगे। खड़गे ने कहा कि चार चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है जिसमें इंडिया गठबंधन काफी आगे चल रहा है। देश की जनता ने मोदी जी की विदाई तय कर दी है। चार जून को इंडिया गठबंधन नई सरकार बनाने जा रही है। उन्होने कहा कि सरकार धर्म जाति की बात करती है मगर महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्यायों पर बात करना नहीं चाहती। बड़ी संख्या में शिक्षित युवा बेरोजगार हैं। लाखों की संख्या में सरकारी रिक्त पदों के बावजूद सरकार भर्ती नहीं कर रही है। इससे युवाओं में आक्रोश है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा चुनाव में भी भाजपा का तानाशाही चेहरा सामने आया है। भाजपा के लोग गठबंधन के प्रत्याशी को नामांकन से रोक रहे है। हमारे चुनाव एजेंटो का डराया धमकाया जा रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा कहती है कि वह 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो मुफ्त राशन दे रही है मगर उसे पता होना चाहिये कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में खाद्य सुरक्षा योजना लागू की थी ताकि कोई भूखा न सो सके। कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो हर गरीब परिवार को दस किलो मुफ्त राशन की सुविधा दी जायेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन की सरकार आने पर सभी सहयोगी दलों के घोषणा पत्रों के आधार पर कामन मिनिमम प्रोग्राम लागू किया जायेगा जिसमे समाज के सभी वर्गो का ध्यान रखा जायेगा।

# खत्म हो चुका है ब्रांड मोदी : राउत

एजेंसी ‹ मुंबई
www.dailypioneer.com



राज्यसभा सांसद एवं शिवसेना नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका मोदी ब्रांड' खत्म हो गया है और यह शर्म की बात है कि भाजपा ने घाटकोपर त्रासदी में 18 लोगों की जान जाने के कुछ ही दिनों बाद मुंबई में मेगा रोड शो आयोजित किया। राउत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मोदी घाटकोपर में दुर्घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं और घड़ियाली आंसू भी बहा सकते हैं। उन्होंने यह दावा करते हुए कहा कि महा विकास अघाड़ी और शिवसेना (यूबीटी) ने आम चुनाव के आने वाले नतीजों को लेकर देश के प्रधानमंत्री में डर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि हार के डर से मोदी सड़कों पर हैं और भाजपा अनुकूल परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सड़कों पर इधर-उधर घुमा रही है। राउत ने कहा, हम मुंबई में छह सीटों पर लड़ रहे हैं और हम उन सभी पर जीत हासिल करने को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री पूरे देश में रोड शो कर रहे हैं, क्या उनके पास कोई अन्य काम नहीं है? प्रधानमंत्री कभी मणिपुर नहीं गये, कभी जम्मू में कश्मीरी पंडितों के आंसू पोंछने नहीं गये। घाटकोपर में एक बिलबोर्ड गिरने से 18 लोगों की मौत हो गयी, उन्हें कोई सहानुभूति नहीं है। शायद वह घड़ियाली आंसू बहाएंगे। राउत ने कहा, महाराष्ट्र में अब तक जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें से 90 फीसदी सीटें महाविकास अघाड़ी जीत रही है। एमवीए मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, नासिक, डिंडोरी में ज्यादातर सीटें जीतेगी। सांसद ने कहा कि मोदी को महाराष्ट्र आना चाहिए, तब उन्हें एहसास होगा कि उनका ब्रांड खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद मोदी को हिमालय जाना होगा।

## मोदी की धर्म आधारित राजनीति विध्वंसक, राम सबके हैं : फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपनी कुर्सी बचाने के लिए धर्म पर आधारित राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह नहीं चलेगा, क्योंकि सदियों से लोग इस देश में अलग धार्मिक पृष्ठभूमि का होने के बावजूद एकजुट होकर रहते आये हैं। अब्दुल्ला ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में संवाददाताओं से बातचीत में मोदी और भारतीय जनता पार्टी की 'राम भक्ति ' की आलोचना करते हुए कहा कि भगवान राम हिंदुओं की 'संपत्ति' नहीं हैं, वह सभी के हैं और उनके सार को इस देश में हर व्यक्ति महसूस करता है, भले ही उसका धर्म कुछ भी हो।

# राजमाता सिंधिया के निधन पर यादव ने जताया शोक

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com





ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शोक व्यक्त किया है। भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी माधवी राजे सिंधिया का नयी दिल्ली में देहांत हो गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केद्रीय मंत्री सिंधिया की माता के निधन पर शोक जताते हुए कहा की यह घटना हमारे लिए हृदय विदारक है। मां जीवन का आधार होती हैं, उनका निधन हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्री महाकालेश्वर भगवान से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजन को गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह अत्यंत दुःखद समाचार है। शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं सिंधिया परिवार को इस वज्रपात को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजमाता सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मां का जाना जीवन की अपूरणीय क्षति है। दुःख की इस घड़ी में सिंधिया तथा उनके परिवार के साथ संवेदनाएं हैं। भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ संस्कारों से परिपूर्ण राजमाता अत्यंत विनम्र तथा व्यवहार कुशल थीं। वह लौकिक जगत से विदा हुई हैं, किंतु उनके स्नेह और आशीष की छांव सदैव परिजनों के साथ रहेगी।

# केंद्रीय विद्यालय किरन्दुल कक्षा 12 वीं का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन सीबीएसई द्वारा सोमवार को 2023-2024 सत्र कक्षा दसवीं बारहवीं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें केंद्रीय विद्यालय किरंदुल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा कक्षा 12 वीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा निधि श्रीवास्तव ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं थरानी ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त की एवं अनघा पी ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।कला संकाय 12 वीं में लावन्या रंगनेकर ने 90.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, दीक्षा सोरी ने 86.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवम एकता चौरे ने 85.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। तथा कक्षा 10 वीं में छात्रा अंशिका लाल एवं धृति मिश्रा ने 92.8 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशाग्र खरे ने 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा ऋषित सिंह एवं असमी साहू ने 91.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता का पूरा श्रेय छात्रों ने विद्यालय के प्राचार्य बलजिंद्र सिंह समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावक को दिया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं देकर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। केवीएस के प्राचार्य बलजिंद्र सिंह द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

# बाघिन गौरी ने अपने चारों शावकों को दबाकर मार डाला



एजेंसी ‹ रांची
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ से छह साल पहले झारखंड लाई गई बाघिन गौरी ने अपने चार शावकों को दबाकर मार डाला। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 15 किमी दूर बिरसा जैविक उद्यान में बाघिन ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि बच्चे मां के बेहद करीब चले गए थे, जिससे दबने से चारों की जान चली गई। गौरतलब है कि बाघिन गौरी ने 10 मई की आधी रात के करीब चार बच्चों को जन्म दिया था। बताया जा रहा है कि बाघिन की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। इसके बाद भी ऐसी घटना हो जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रही है। बाघिन गौरी के प्रसव होने की जानकारी प्रबंधन को थी। इसके बाद से जिस केज में वह थी, वहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी।

बिरसा जैविक उद्यान प्रबंधन की मानें तो जन्म के बाद सभी नवजात मां के काफी करीब आ गए। जब मां ने करवट बदली तो सभी शावक उसके नीचे दब गए। चिड़ियाघर के पशुचिकित्सक ओपी साहू के हवाले से बाघिन गौरी ने 10 मई को चार शावकों को जन्म दिया, लेकिन उसने नवजात शावकों को पलट दिया और मां के वजन के कारण चारों शावकों की मौत हो गई।

# भाजपा कार्यकर्ता निराश, कांग्रेस मध्यप्रदेश में डबल डिजिट में लोकसभा की सीटें जीतेगी : पटवारी

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 'अबकी बार 400 पार' का नारा धूमिल होता जा रहा है, पार्टी का कार्यकर्ता हर चरण के चुनाव के बाद निराश है और कांग्रेस निश्चित ही राज्य में 'डबल डिजिट' में लोकसभा की सीटें हासिल करने वाली है। पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रांगण में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि चार चरणों के चुनाव पूरे हो चुके हैं और भाजपा का 'अबकी बार 400 पार' का नारा धूमिल होता जा रहा है। प्रदेश में भाजपा का 29 में से 29 का नारा भी फ्लीभूत होता नजर नहीं आ रहा। हर बूथ पर पार्टी का 370 वोट बढ़ाने का फार्मूला फेल हो गया और हर चरण में वोट प्रतिशत कम हुआ है, इससे भाजपा का कार्यकर्ता निराश है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के परिणाम आश्चर्यचकित करने वाले होंगे एवं कांग्रेस पार्टी प्रदेश में डबल डिजिट में लोकसभा की सीटें जीतेगी। चुनाव के बाद अब पार्टी संगठन एवं विचारधारा पर काम करेगी। पटवारी ने कहा कि राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री, भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के सभी नेता जनता को गुमराह करने वाले बयान दे रहे है।

भाजपा सरकार के 10 साल केंद्र में, 20 साल मध्यप्रदेश में एवं आजादी के 75 साल होने के बाद इस देश में नरेटिव आखिर क्या बना है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लेकर धर्म के आधार पर आरक्षण का झूठ बोला गया। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। पटवारी ने कहा कि लगातार कांग्रेस के न्याय पत्र की आलोचना करते-करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं के वचन पत्र के एक भी वचन का जिक्र करना भूल गए इसका असर उनके नीचे के बूथ के कार्यकर्ता तक पर हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पर प्रदेश के आदिवासियों का अपमान करने का भी आरोप लगाया।

# अंग्रेज चले गए, पर कांग्रेस को छोड़ गए : यादव

एजेंसी ‹ रेवाड़ी(हरियाणा)
www.dailypioneer.com




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि लॉर्ड मैकाले ने शिक्षा नीति में से भगवान राम और कृष्ण के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया, इसके बाद अंग्रेज चले गए लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए और वो कांग्रेस आज भी उल्टे रास्ते पर चल रही है। डॉ यादव रेवाड़ी के बेरली के कोसली में आयोजित रैली में संबोधन दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा अर्थात हरि का निवास। यहां भगवान श्री कृष्ण की धरती पर अपने-अपने ढंग से सब जीवन यापन कर रहे हैं। यहां के हर घर से कोई ना कोई रणबांकुरा अपनी सीमा पर ड्यूटी कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन में कष्ट ही कष्ट रहे हैं, लेकिन हर कष्ट के बाद भी कन्हैया, कन्हैया ही नहीं है कालिया नाग को मार कर उसके फन पर नृत्य करने की हिम्मत केवल गोपाल कृष्ण में है। जो गाय चरा कर आनंद लेते हैं और अपनी माता बहनों के कष्ट को भी दूर करने में आगे रहते हैं। कंस जैसे महापराक्रमी को उसके घर में मारते हैं। भगवान श्री कृष्ण कंस को मारने के बाद कुर्सी को लात मार के उज्जैन शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ गए। भगवान श्री कृष्ण ने 64 कला, 14 विद्या, 4 वेद, 18 पुराण की शिक्षा ग्रहण की। ऐसा शिक्षार्थी तो कहीं मिलेगा नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की धरती पर जब महाभारत का महायुद्ध हुआ। उस युद्ध की धमक से दुनिया दहल उठी थी, लेकिन ऐसे कठिन समय में भी, जो शिक्षा ग्रहण की थी, उस समय में उनके मुख से 18 अध्याय की पवित्र गीता निकली। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि 1835 में लॉर्ड मैकाले ने जब शिक्षा नीति लागू की तब उस शिक्षा नीति में से दुर्भाग्य से भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया। अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए। ये भी आज उस उल्टे रास्ते पर चलते हैं। कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया, जिसका इतिहास गवाह है। 17 लाख साल पहले भगवान राम हुए और 5000 साल पहले भगवान श्री कृष्ण हुए। एक ने मर्यादा के साथ जीवन जीना सिखाया और दूसरे ने मर्यादा को तोड़ने वालों को लाइन पर लाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब अमेरिका के राष्ट्रपति आते थे तो भेंट के रूप में ताजमहल देते थे, पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पवित्र गीता का ज्ञान उन्हें भेंट करते हैं। जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। सबका साथ सबका विकास, यह बोलने के लिए नहीं करके दिखाने के लिए है। उन्होंने कहा कि महाकाल के महालोक में आनंद आ गया, भगवान राम में आनंद आ गया तो जमुना जी वाले कृष्ण कन्हैया ने क्या बिगाड़ा है।

**हरिद्वार एवं ऋषिकेश में 8 से 14 मई तक ऑफ लाइन के माध्यम से कुल 1,42,641 पंजीकरण हुए**

# पंजीकरण जरूर करवाएं चार धाम आने वाले श्रद्धालु : पांडेय

एजेंसी ‹ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने चारधामों में राज्य सरकार की ओर से की गई तैयारियों व व्यवस्थाओं को लेकर सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में बुधवार को संवाददाताओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों से अपील की कि वे अपना पंजीकरण जरूर करवाएं। सरकार की कोशिश प्रत्येक श्रद्धालु को दर्शन का अवसर मिलने की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में सुगम व सुरक्षित यात्रा के संचालन के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के हवाले से कहा कि हर श्रद्धालु को दर्शन का लाभ मिले। हमें इसी में संतुलन बनाकर चलना है कि श्रद्धालुओं की यात्रा भी सुरक्षित हो और उन्हें दर्शन का लाभ भी मिले। पांडेय ने बताया कि चारधामों में 14 मई तक ऑनलाइन कुल 26 लाख 73 हजार 519 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। गंगोत्री में 4 लाख 21 हजार 366, यमुनोत्री में 4 लाख 78 हजार 576, श्री बद्रीनाथ धाम में 9 लाख सात हजार 60 और केदारनाथ धाम में कुल 8 लाख 13 हजार 558 जबकि श्री हेमकुंड साहिब के लिए 59,312 पंजीकरण हो चुके हैं। इसके अलावा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में 8 से 14 मई तक ऑफलाइन के माध्यम से कुल 1,42,641 पंजीकरण हुए हैं। उन्होंने बताया कि यमुनोत्री में 59,158, गंगोत्री में 51,378, केदारनाथ में 1,26,306 व बद्रीनाथ धाम में 39,574 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। आयुक्त ने कहा कि यह देवभूमि उत्तराखंड का सौभाग्य है कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। इसके साथ-साथ कुछ चुनौतियां भी होती हैं, जिसके लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यमुनोत्री धाम में पांच किमी का रास्ता बेहद संकरा है और यहां पर एक समय में सीमित संख्या में ही लोग आवागमन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष जब कपाट खुले थे तो कुल 6,838 श्रद्धालु आए थे जबकि इस वर्ष कपाट खुलने वाले दिन 12,193 यात्री आये। इसी तरह केदारनाथ धाम में गत वर्ष कपाट खुलने पर 18,335 तो इस वर्ष लगभग 29 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में कहीं ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिस कारण कुछ परेशानियां हो रही हैं, लेकिन इन्हें भी दूर करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यमुनोत्री धाम के जानकी चट्टी में कुल 15,455 श्रद्धालु थे जिनमें से आज सुबह 10 बजे तक कुल 4 हजार दर्शन भी कर चुके थे। गंगोत्री में 3902, केदारनाथ में सुबह 10 बजे तक 8194 एवं बद्रीनाथ में 4518 ने दर्शन किये। पांडेय ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनको सुरक्षित वापस पहुँचाना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कुछ यात्रियों को यमुनोत्री व गंगोत्री मार्ग पर ठहराया भी जा रहा है। सूखी टॉप से लौटते समय व गंगनानी से आगे गेट सिस्टम लागू किया गया है। यहां पर सिंगल रोड है इसलिए भी ठहराव की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन की ओर से तमाम वीडियोज भी शेयर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और हम अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देने का प्रयास कर रहे हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि आज सुबह सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें यह तथ्य सामने आया कि ऑफलाइन पंजीकरण में जिन लोगों को उदाहरण के तौर पर 20, 21 और 22 मई के लिए पंजीकरण कराया गया था, उनके द्वारा भी पहले ही यात्रा कर ली जा रही है। इस कारण भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव ने निर्देश दिये हैं कि आज से स्थानीय स्तर पर आरटीओ एवं जिला प्रशासन की टीमें सख्ताई से चेकिंग करेंगे। साथ ही इस बात का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा कि चेकिंग के चलते यातायात व्यवस्था बाधित न हो। अगर कोई टूर ऑपरेटर पंजीकरण वाले दिनों से इतर यात्रियों को ले जाते हुए मिलता है तो यात्रियों को होल्ड करने के साथ ही वाहनों के परमिट भी सस्पेंड किये जायेंगे। साथ ही एक एडवाइजरी अन्य राज्यों को भी जारी करने के लिए कहा जा रहा है कि वह लोगों से अपील करें कि रजिस्ट्रेशन उपरांत यात्रा करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन पौड़ी और टिहरी को भी यात्रा रूट पर होल्डिंग एरियाज को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां वाहनों की पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था हो और श्रद्धालुओं को भोजन पानी सब उपलब्ध कराया जाए। जो श्रद्धालु अपने से बाजार आदि जाना चाहता है उन्हें इसकी अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि बगैर रजिस्ट्रेशन के यात्रा न करें। जिनके पंजीकरण बाद के हैं वे उसी समय यात्रा करें। गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि बल्क एसएमएस के माध्यम से होल्ड रेश्यो की जानकारी दी जा रही है, की उन्हें कितनी देर और रुकना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यात्रा व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर हैं और उनके द्वारा लगातार अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं।

# चुनाव ड्यूटी करने वाली मिड डे मील, आशा वर्करों को मिलेगा 200 रुपये प्रति दिन मानदेय : सिबिन सी

**चंडीगढ़।** लोक सभा मतदान-2024 के लिए चुनाव ड्यूटी करने वाली पंजाब की मिड डे मील और आशा वर्करों को 200 रुपये प्रतिदिन के हिसाब के साथ मानदेय/ मान भत्ता दिया जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि पोलिंग पार्टियों के लिये खाना तैयार करने के लिये मिड डे मील वर्करों की ड्यूटी लगायी जानी है। इसके अलावा एक जून मतदान के दिन गर्म मौसम को ध्यान में रखते हुये आशा वर्करों को भी पोलिंग बूथों पर तैनात किया जायेगा जिससे किसी पोलिंग स्टाफ या बूथ पर आये वोटर के अस्वस्थ होने पर उनकी तुरंत सहायता की जा सके।

# बेटियों आचार संहिता खत्म होने का करो इंतजार, स्कूटी है तैयार

## टॉपर छात्रों को स्कूटी देने वाली अविभाजित कोरिया की पहली जनप्रतिनिधि होंगी विधायक रेणुका सिंह

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने के बाद भरतपुर सोनहत विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने अपने वायदे अनुसार 10 वी और 12 वी की बोर्ड परीक्षा में भरतपुर सोनहत विधानसभा में अव्वल आने वाली दो छात्राओं को स्कूटी आचार संहिता खत्म होने के बाद ही भव्य समारोह में स्कूटी प्रदान करेंगी। अविभाजित कोरिया जिले में टॉपर छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसा कार्य करने वाली विधायक रेणुका सिंह पहली जनप्रतिनिधि होंगी। विधायक की घोषणा के अनुसार न्यू लाइफ इंग्लिश मीडियम स्कूल जनकपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा शिफा बी 96.50 प्रतिशत प्राप्त कर 10 वीं बोर्ड परीक्षा में भरतपुर-सोनहत विधानसभा में अव्वल रही एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, भरतपुर की छात्रा अंकिता रजक ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12 वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधायक रेणुका सिंह इन दिनों झारखंड राज्य के चुनावी दौरे पर है। ऐसे में उन्होंने दोनों टॉपर छात्राओं व उनके अभिभावकों से फोन पर बात कर इस उपलब्धि के लिए बधाई देते ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और अपनी घोषणा अनुरूप आचार संहिता खत्म होने के बाद स्कूटी देने की बात कही है। दोनों छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक रेणुका सिंह ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट भी लिखा है। जिसमे यह लिखा है। शाबाश... शिफा और अंकिता। कठिनाइयों के बीच सफलता अर्जित कर आप दोनों ने साबित किया है कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ सच्ची लगन और परिश्रम से सफलता निश्चित है। आपके माता-पिता और गुरु धन्य हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में मेरे विधानसभा क्षेत्र से कक्षा 10 वीं में जनकपुर निवासी शिफा बी छात्रा न्यू लाइफ इंग्लिश स्कूल (जनकपुर) को 96.50% एवं 12 वीं में भरतपुर की अंकिता रजक छात्रा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल (भरतपुर) को 91.20% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दोनों से फोन में बात कर अपनी शुभकामनाएं दी। विधानसभा के बच्चों से मैंने वादा किया था की प्रथम आने पर उनको स्कूटी या बाइक इनाम में दूँगी। मेरिट होल्डर बच्चो को किए गये वादे अनुसार स्कूटी आरक्षित कर दी गयी है। पुनः आप दोनों को बधाई।

### एग्जाम शुरू होने से पहले की थी घोषणा

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले भरतपुर-सोनहत विधानसभा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को बाइक व स्कूटी देने की घोषणा की थी। सोशल मीडिया में पोस्ट कर रेणुका सिंह ने लिखा था की मेरे विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत में 10 वी और 12 वी में अव्वल आने वाले छात्रों को मैंने पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने छात्रों को मैंने बाइक या स्कूटी देने का निर्णय लिया है। इसी घोषणा को पूरा करते हुए 4 जून के बाद आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद जनकपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर टॉपर छात्राओं को स्कूटी वितरण होगा।

# आबकारी अधिकारियों के संरक्षण में गली–गली बिक रही शराब : गागड़ा

## शराब कोचियों से मिलती है मोटी रकम इसलिए संरक्षण




पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com

सरकार बदली पर आबकारी व्यवस्था बदलने को तैयार नही,चूंकि मोटी कमाई का खेल कोचियों के माध्यम से गली-गली फल-फूल रहा है। आबकारी अधिकारियों का भरपुर संरक्षण मिल रहा है इसलिए बिना किसी भय के शराब बेची परोसी जा रही है। उक्त आरोप भाजयुमो नेता फूलचंद गागड़ा ने लगाया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आबकारी विभाग पर फूलचंद गागड़ा ने आगे कहा कि जो पुरानी व्यवस्था थी वैसा ही आज भी चल रहा है जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है परंतु मोटी कमाई के फेर में अधिकारी व्यवस्था बदलना नही चाहते। शराब दुकान के खुलते ही कोचियों की लाइन लग जाती है और इन्हें अधिक दाम में बेची जाती है फिर कोचिये गली-गली में शराब बेचते परोसते हैं। जिले में आबकारी अधिकारी, आबकारी डीईओ, एसआई ऐसी व्यवस्था बनी है कार्य करने के लिए, लेकिन इन्ही के संरक्षण में कोचिये फल-फूल रहे हैं। गागड़ा ने आगे कहा कि शराब कोचियों से इन अधिकारियों को मोटी रकम मिलती है इसलिए कार्यवाही से बचते हैं तो वहीं दुकान से ही कोचियों के लिए शराब सप्लाई होती है ऐसे में कार्यवाही और नकेल कसने जैसे उम्मीद करना बेमानी होगी। तुम शराब का नशा करो और हम पैसे का यह कहना गलत नही होगा आबकारी विभाग के लिए, चूंकि नगर की बात हो या जिले भर की बात करें हर तरफ गली-गली में कोचिये शराब बेच परोस रहे हैं और कोई भय भी नही है इन्हें पूरी संरक्षण आबकारी अधिकारियों से ही मिलती है।

# स्वामी आत्मानंद बड़ेराजपुर स्कूल में प्रवेश हेतु निकाली गई लॉटरी

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में नवीन संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल बड़ेराजपुर में 15 मई को सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश लॉटरी के माध्यम से किया गया। प्राचार्य सी.एल.मरकाम तथा प्रवेश प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागाँव के निर्देशानुसार आत्मानंद स्कूलों में कक्षावार रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रवेश लॉटरी के माध्यम से दिया जाना है,जो जिले से नियुक्त नोडल अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, पालकों तथा शिक्षकों की उपस्थिति में होगा, ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की धांधली न हो व पारदर्शिता बनी रहे। सेजेस बड़ेराजपुर में लॉटरी नोडल अधिकारी रूप सिंह सलाम (सहा. कार्यक्रम समन्यक जिला शिक्षा कार्यालय कोंडागाँव) की उपस्थिति में किया गया। लॉटरी निकालने के पूर्व मोहन खूबचंदानी सर के द्वारा शिक्षा विभाग के द्वारा जारी प्रवेश संबंधी दिशा निर्देश के बारे में पालकों तथा जनप्रतिनिधियों को बताया गया उसके पश्चात लॉटरी की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। लॉटरी की प्रक्रिया में सबसे पहले इंग्लिश मीडियम, 50 प्रतिशत गर्ल्स को प्राथमिकता, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले, इन सब को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के नामों की चिट बनाया गया जिसे समस्त पालकों व जनप्रतिनिधियों के सामने चिट उठाने को कहा गया तथा चयनित सूची बनाया गया व प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई। सभी पालकों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा लॉटरी प्रकिया से जारी चयन सूची पर सहमति जताई गई तथा सफलता पूर्वक लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्नह की गई। इस अवसर पर प्रेमलाल यादव (बी.आर.सी.बड़ेराजपुर), महफूज अली, मुकेश कुमार (सी.एस.सी बड़ेराजपुर) तथा पालक, जनप्रतिनिधि व समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# रवीन्द्र-नजरुल जयंती उपलक्ष्य में बांदे में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया

पायनियर संवाददाता ✓ पखांजूर
www.dailypioneer.com




विश्व कवि गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर और विद्रोही कवि काजी नजरूल इस्लाम का जयंती के उपलक्ष्य मातृभाषा बांग्ला जागरण समिति ने बांदे दुर्गा मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। रवीन्द्रनाथ टैगोर और काजी नजरूल इस्लाम के छायाचित्रों पर अतिथियों द्वारा प्रदीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत-संगीत, नृत्य, कविता आबृत्ति, मुक-अभिनय आदि विविध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मातृभाषा बांगला जागरण समिति बांदे का पदाधिकारी समिति सलाहकार रवीन्द्रनाथ सरकार, परितोष पाल, परितोष मिस्त्री आदि अध्यक्ष दीपेंद्र लाल राय, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मण्डल, अंजू पाल, प्रितम साहा, सचिव निलकमल मण्डल, उप सचिव निबास अधिकारी, कोषाध्यक्ष अमृत हलदार, सक्रिय सदस्य सबिता शील, प्रिति साहा, पदमा राय, प्रदीफ राय, पलास दिवान आदि है। कार्यक्रम मंच से कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में कांकेर जिला से टॉप टेन में पायल अधिकारी ने 97.67 सातवे स्थान हासिल कि प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर और माला विश्वास ने 97.33 नौवें स्थान शासकीय हायर सेंकेंड्री स्कूल माटोली से।कक्षा 12 वीं में कंकना घरामी 95.40 प्रतिशत 8वे स्थान शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल मड़ोरा से ।साथ ही बांदे क्षेत्रों से कक्षा 10वी 12वी में 90 प्रतिशत से उपर अर्जित छात्रों छात्राओं के साध-साथ नीट कम्पिटीशन में विते वर्षो में बांदे क्षेत्रों के छात्रों-छात्रा जिन्होंने फ्री सिट में दाखिल हेतु योग्यता अर्जित करने में सफल रहे। जीतादित्य पाल मेडिकल कॉलेज जगदलपुर, तनु बोस मेडिकल कॉलेज कांकेर, चंचल सरकार, राहुल बाड़ई मेडिकल कॉलेज जगदलपुर। उक्त छात्रों-छात्राओं के साथ-साथ उनके शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों को सम्मानित किया गया। रवीन्द्र-नजरुल सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत प्रस्तुत कल्पना चंद, दीपेन राय, बीना चक्रवर्ती, ज्योत्स्ना अधिकारी, अंजु पाल, सबिता शील, जयंत ढालि, बीथीका पाल, कोयल व्यापारी, रोशनी बाछड़, ॠत्तिका बाछाड़, नैना पाल, दिक्षा राय, चम्पा मल्लिक, सिमरण विश्वास, नमिता साहा, समाप्ति मण्डल, शिखा मण्डल, सुनु अधिकारी आदि, रवीन्द्र-नजरुल नृत्य दिब्या मिस्त्री, ॠत्तिका बाछाड़, लक्ष्मी राय, दीक्षा राय, हीना राय, नेहा पाल, सरस्वती राय, रोशनी बाछाड़, सुहानी समद्दार, कविता आबृत्ति रवींद्रनाथ सरकार, मोहन मल्लीक आबृत्ति में मुक-अभिनय बीना मल्लीक आदि ने प्रस्तुत किया। कृपासिंधु समद्दार, तपन राय, दीपेंद्र लाल राय, निबास अधिकारी आदि ने सभा संबोधन करते हुए संगीत, नृत्य, जीवन और साहित्य में भाषा का महत्व, जीवनशैली, चारित्रिक महत्व, आदर्शो के पथ पर अटल अविराम संघर्ष कर वास्तविक अनुवभ से शिक्षा अर्जित कर जीवन के हर असंभव को संभव, हर नामुमकिन को मुमकिन मे बदलने कि कला विकसित करने का हौसला किया। कार्यक्रम मंच संचालन तपन राय, दीपेन्द्र लाला राय, निबास अधिकारी, जयजीवन पाल, अंजु पाल आदि ने किया। संगीत प्रस्तुति में म्यूजिक यंत्रों तबला बादक में रंजन हालदार, ऑरगान बादक में जयंत ढाली, प्रकाशन मोहन मण्डल, अरगान सहयोगी गोबिंद शील, हारमोनियम में सबिता शील, बीना चक्रवर्ती आदि ने भागिदारी के साथ सहभागिता की।

# क्षेत्र में बढ़ते चोरी के घटनाओं को लेकर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने सूरजपुर एसपी से किया मुलाकात

पायनियर संवाददाता ✓ विश्रामपुर
www.dailypioneer.com



एसईसीएल कॉलोनी सहित ग्राम शिवनंदनपुर एवं आसपास के रहवासी क्षेत्र में गत दो माह से लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर सूरजपुर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने सूरजपुर पुलिस अधीक्षक एम आर आहीरे से मुलाकात कर ज्ञापन सोपा एवं इस दिशा में ध्यान आकर्षण करवाते हुए कहा कि 2 माह से क्षेत्र में तकरीबन 20 से अधिक घरों एवं दुकानों का ताला चोरों द्वारा तोड़ा गया है और कई जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, साथ ही कई जगह कुछ न मिलने पर केवल नुकसान किया गया है। पुलिस द्वारा कुछ मामलों पर अपराध दर्ज किया जाता है और बाकी मामलों पर शिकायत लेकर प्रार्थी को आश्वासन देकर थाने से भेज दिया जाता है। यही वजह है कि इतनी चोरी की घटनाएं होने के बावजूद एफ आई आर की संख्या कम है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पुलिस की रात्रि गस्त भी ना के बराबर होने से चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिससे पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान उठते हैं।यही वजह है की क्षेत्रवासी खुद को असुरक्षित एवं भयभीत महसूस कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष द्वारा पत्र में पुलिस अधीक्षक से इस दिशा में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है साथ हि नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि यदि इस दिशा में उचित कार्रवाई और अंकुश नहीं लगता है तो आगामी भविष्य में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इस दिशा में उचित पहल की जाएगी।

### एसईसीएल के कल पुर्जे चोरी करते–करते अब चोरों की नजर क्षेत्र के घरों में भी पड़ चुकी है

पुलिस की सांठ गांठ से कॉल इंडिया की मिनी र कंपनी एसईसीएल के अब तक करोड़ों रुपए के कल पुर्जे चोरी कर तस्करी की जा चुकी हैं जो निरंतर जारी भी है, परंतु अब चोरों की नजर लोगों के घरों पर भी पड़ रही है। परिणाम स्वरूप दो दर्जन से भी अधिक घरों के एवं दुकानों के ताले टूट चुके हैं आलम यह है कि एसईसीएल में होने वाले चोरी की घटनाओं पर पुलिस एफआई आर करने से बचती है तो वही इसी पैंतरे को अपनाते हुए रिहायशी घरों में होने वाले चोरी की घटनाओं की शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को आश्वासन देकर घर वापस भेज दिया जाता है और कुछ मामलों पर अपराध दर्ज किया जाता है। यही वजह है कि उच्च अधिकारियों को चोरी की वारदातों की सही रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो पाती है।

# दो दिवसीय बस्तर प्रवास में रहेंगी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव


## पंचायत एवं ग्रामीण विकास के योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की करेंगी समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव निहारिका बारीक दो दिवसीय बस्तर संभाग के प्रवास में 16-17 मई को रहेंगे। उक्त प्रवास के दौरान 16 मई को शाम 05 बजे जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यकमों के कियान्वयन की समीक्षा भी करेंगी। जिसमें छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सड़को के विकास कार्यो, मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पंचायत संचालनालय के कार्य, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्य, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यो की समीक्षा की जावेगी।

कमिश्नर श्याम धावड़े ने उक्त बैठक हेतु संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा प्रमुख सचिव महोदया की अध्यक्षता में 17 मई सुबह 11 बजे से दन्तेवाड़ा जिला से संबंधित नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा की जावेगी।

# सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल अपने प्रथम बोर्ड सत्र में शत् प्रतिशत के साथ अग्रणी



पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करता मनेंद्रगढ़ का सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने वैसे तो गत चार वर्षो से क्षेत्र में शिक्षा की लहर लेकर छात्र- छात्राओं को एक नई दिशा एक नई जागृति प्रदान करने का अभुतपूर्व प्रयास किया है लेकिन वर्ष 2023-24 विद्यालय के लिए दसवीं बोर्ड का प्रथम सत्र रहा और पहले ही सत्र में विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर शिक्षा जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की छात्रा 92 प्रतिशत अंको के साथ सबसे आगे रही वहीं दूसरे स्थान पर अदिति तिवारी ने 91 अंक प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र आदि अंश लाल 89.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह कई अन्य छात्र छात्राओं ने भी 85 से 89 अंक प्राप्त कर अपने माता पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र- छात्राओं की ऐसी सफलता से उनके माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों में गर्व का माहौल है। जहां एक ओर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसन्त तिवारी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए ऐसी सफलता को विद्यालय के शिक्षकों का दिशा निर्देश व छात्र- छात्राओं की मेहनत और उनके माता-पिता के सम्मिलित समर्पण का फल बता रहे वहीं दूसरी ओर बच्चों के माता-पिता विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों की मेहनत को सफलता का संपूर्ण श्रेय दे रहे। विद्यालय के निदेशक व्यंकटेश सिंह तथा निदेशिका पूनम सिंह ने भी इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकों को बधाइयाँ दी। गौरतलब है कि इस सफलता में बच्चों के वर्ग शिक्षक अमित तिवारी का मार्गदर्शन काफी महत्वपूर्ण रहा है।



# दिव्यांश ने बढ़ाया जिले का गौरव

**बैकुंठपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर के छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की है।घोषित परिणामों मैं साइंस स्ट्रीम में दिव्यांश पांडे ने सेकंड टॉपर का स्थान प्राप्त किया है टॉप फाइव की सूची में साइंस समूह से मोहिउद्दीन व दिव्यांश पांडे तथा कॉमर्स समूह में टॉप सविता डे, प्रथम द्विवेदी वह यशस्वनी सिंह रहे। परीक्षा में सम्मिलित छात्रों ने बताया कि इस वर्ष पेपर कठिन था विशेष कर फिजिक्स व केमिस्ट्री विषय के पेपर में छात्रों ने कठिनाई महसूस की। एक मुलाकात में दिव्यांश पांडे ने बताया कि वह आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाना पसंद करेंगे। मूलतः मनेंद्रगढ़ निवासी दिव्यांश पांडे के माता-पिता कोरिया जिले में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। दिव्यांश ने अपनी सफ्लता का प्राय अपने माता-पिता व गुरु जनों को दिया है।

# फरसेगढ़ थाना प्रभारी के वाहन में माओवादियों ने की आईईडी ब्लास्ट



**बीजापुर।** थाना फरसेगढ़ एवं छसबल की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली हुई थी। थाना प्रभारी फरसेगढ़ शासकीय कार्य से बीजापुर आ रहे थे, उसी दौरान माओवादियों के द्वारा कुटरू-फरसेगढ़ मार्ग पर सोमनपल्ली के पास थाना प्रभारी के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट किया गया। घटना में वाहन को क्षति पहुंची है, वहीं वाहन में सवार प्रभारी फरसेगढ़, निरीक्षक आकाश मसीह एवं प्रधान आरक्षक संजय दोनों सुरक्षित है।

# पोषण आहार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन से कुपोषण स्तर को राज्य के निर्धारित मानकों के स्तर तक लाना करें सुनिश्चित : प्रकाश सर्वे

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने कहा कि जिले में अल्पवजन, बौनापन, दुर्बलता मामलों को पोषण आहार कार्यक्रम के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जाना है। इस हेतु महिला एवं बाल विकास के विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर राज्य के निर्धारित मानकों के स्तर तक लाना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले के परियोजनावार अल्पवजन, बौनापन, दुर्बलता के डाटा का भी समीक्षा किया और तोकापाल विकासखंड में किए गए कैपिसिटी बिल्डिंग कार्य को अन्य विकासखंडों में भी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन के प्रकरणों को बारिश से पहले सभी प्रकरण का निराकरण करने का प्रयास करें। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में नियद नैल्लानार योजना के क्रियान्वयन की प्रगति,जन चैपाल के प्रकरण,जन शिकायत के प्रकरण,पी.जी पोर्टल और समय-सीमा के विभिन्न विभाग से संबंधित प्रकरणों का आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सर्वे ने बैठक में महतारी वंदन योजना के लाभांवित हितग्राहियों का जानकारी पोर्टल मे अद्यतन करने और आंगनबाडी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने का लक्ष्य को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा में महिला एवं बाल विकास विभाग के स्थानीय महिला स्वसहायता समूहों के द्वारा योजना का संचालन, किचन गार्डन विकसित करने पर पोषण वाटिका का विकास, कृषि विभाग के पी.एम किसान सम्मान निधि, ई-केवाएसी की स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने शिविर आयोजन के आधार पर प्रगति, केएमएस 2014-15, 2015-16 के किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन की समीक्षा किया गया। सीईओ श्री सर्वे ने सहकारिता विभाग से कृषक परिवारो एवं वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों को नवीन केसीसी जारी करने हेतु अभियान चलाकर कार्य को प्रगति देनें कहा। उन्होंने खरीफ वर्ष 2024 हेतु बीज की भण्डारण और किसानों की मांग की स्थिति का संज्ञान लेते हुए बीज भंडारण और वितरण समय पर करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अप्रारंभ स्वीकृत कार्य की राशि वापसी हेतु जानकारी एसडीएम कार्यालय को प्रेषित कर जनपद स्तर पर प्रयास करें। बैठक में सामाजिक सहायता कार्यक्रम में संचालित पेंशन योजनाओं में आधार नंबर अपडेट करवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनातर्गत प्रगति, ऋण वितरण की स्थिति, जल जीवन मिशन फेस 02 में सोलर ड्यूल पम्पों की स्थापना, जल प्रदाय योजना की स्थिति, पीडीएस दुकान भवन और आंगनबाडी भवन निर्माण की भौतिक प्रगति, एफआरए के लाभार्थियों, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रों की ऑनलाईन प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति, एफ्आरए पट्टाधारक मृत व्यक्तियों का प्रकरण दर्ज कर नामांतरण की कार्यवाही, एफआरए पट्टा वितरण की स्थिति की समीक्षा किया गया।

# सड़क किनारे खड़े लोगों को ट्रक ने कुचला मौके पर दो की मौत, तीसरा हुआ गंभीर





पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सोमवार की रात अज्ञात ट्रक की चपेट में आकर सड़क किनारे खड़े दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक अन्य को गंभीर हालत में रायगढ़ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगुडेगा का रहने वाला पैतराम राठिया 37 साल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ग्राम सरिया मड़वाताल के प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर कार्यरत हूं, वह रोजाना ड्यूटी हेतु घर से आना-जाना करता है। पैतराम का बड़ा भाई हुलस राम राठिया बाकारूमा के कोल्ड स्टोरेज में करीब दो माह से काम कर रहा था। कल मोटर सायकल में काम करने बाकारूमा गया हुआ था,काम करके अपने साथी चैतराम राठिया व लल्लू राठिया के साथ वापस घर आ रहे थे इसी बीच बगुडेगा सियारपारा के देवेन्द्र राठिया के होटल के पास सड़क किनारे खडे थे, तभी रात्रि करीब 09:45 बजे लैलूंगा की ओर से आ रहे एक अज्ञात ट्रक चालक ने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे खड़े हुलसराम राठिया, चैतराम राठिया व लल्लू राम राठिया को अपनी चपेट में ले लिया।

### मौके पर दो की मौत, एक अन्य गंभीर

इस दुर्घटना में घटना स्थल पर ही हुलस राम राठिया व लल्लू राठिया की मृत्यु हो गई तथा चैतराम राठिया गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे निजी वाहन से उपचार हेतु लैलूंगा अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया था जहां स्थिति में सुधार नही होनें के बाद उसे रायगढ़ रिफर कर दिया गया है।

### आरोपी चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

लैलूंगा थाने की पुलिस ने इस मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए, 337 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लेते हुए आरोपी वाहन की पतासाजी में जुट गई है।

# जमानत पर बाहर आते ही भेजा अश्लील फोटो

## पीड़िता की शिकायत के बाद एक बार फिर जेल पहुंचा आरोपी

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में जमानत पर रिहा हुए दुष्कर्म के आरोपी को उसकी करतूत ने एक बार फिर से जेल भेज दिया है। आरोपी युवक के द्वारा सोशल मीडिया में पीडिता को अश्लील फोटो भेजे जाने की शिकायत के बाद भूपदेवपुर पुलिस ने कार्रवाई की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली पीड़िता युवती ने मालखरौदा सक्ती निवासी विजेंद्र कर्ष के खिलाफ आवेदन देकर व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर युवती की इच्छा के विरुद्ध अश्लील फोटो भेज कर भद्दे कमेंट्स कर लज्जा भंग कर मानसिक आघात पहुंचा। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 354 (क), 509 (ख) आईपीसी के तहत अपराध पंजीकृत किया गया।

**शादी का झांसा देकर किया था दुष्कर्म**-पीड़ित युवती ने बताया कि विजेंद्र कर्ष को करीब 3-4 साल से जानती है। विजेंद्र एसकेएस कंपनी में ड्राइवरी का काम करता था, दोनों में बातचीत होती थी। विजेंद्र शादी का प्रस्ताव रखकर करीब 3 साल तक शारीरिक शोषण किया उसके बाद जुलाई 2023 में दूसरी लड़की से शादी करूंगा कह कर शादी करने से इंकार कर दिया।तब थाना भूपदेवपुर में विजेंद्र कर्ष के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**जमानत में बाहर आया था आरोपी**-पीड़िता की शिकायत के बाद भूपदेवपुर पुलिस ने विजेंद्र कर्ष पर दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध कर विजेंद्र को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा था। विजेंद्र अभी जमानत पर है, विजेंद्र फिर से युवती से संपर्क कर सोशल मीडिया अकाउंट से अपने आपत्तिजनक फोटो भेज कर परेशान कर रहा है। युवती की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भूपदेवपुर पुलिस ने आरोपी के कृत्य पर एक अन्य छेड़खानी के अपराध में गिरफ्तार कर आरोपी विजेंद्र कर्ष उम्र 38 साल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**फरार होनें की फिराक में था आरोपी**-बताया जा रहा है कि थाने में मामला दर्ज होनें के बाद आरोपी युवक फरार होने की फिराक में था जिसे हाईवे पर घेराबंदी कर ग्राम चपले के पास भूपदेवपुर पुलिस ने पकड़कर जेल दाखिल करा दिया है।

# कवि कुलदीप सिन्हा दीप मानसरोवर साहित्य शिखर सम्मान से होंगे सम्मानित

- छत्तीसगढी भाषा में विशेष योगदान देने हेतु 29 को बृंदाबन हाल रायपुर में यह सम्मान प्रदान किये जायेंगे

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com






धमतरी अंचल के वरिष्ठ कवि कुलदीप सिन्हा दीप को मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ इकाई द्वारा मानसरोवर साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया जाना तय है। कवि कुलदीप सिन्हा दीप क्षेत्र के जाने माने कवियों में से एक है। उनकी गणना वरिष्ठ कवियों में होती है। वे अभी जिला हिंदी साहित्य धमतरी के उपाध्यक्ष हैं और राष्ट्रीय कवि संगम इकाई जिला धमतरी के अध्यक्ष हैं साथ ही साथ शारदा साहित्य समिति कुकरेल के संस्थापक हैं। मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ इकाई में निरंतर रचना प्रेषित करने और छत्तीसगढी भाषा में विशेष योगदान देने हेतु 29 मई 2024 को बृंदाबन हाल सिविल लाइन्स रायपुर छग में यह सम्मान प्रदान किये जायेंगे। दीप की इस उपलब्धि के लिये क्षेत्र के सभी साहित्यकार गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर मानसरोवर साहित्य अकादमी के संस्थापक मानसिंह सुथार, आयोजक लता शर्मा, निर्देशक चोपेश्वर साहू के साथ साथ कवि मंशाराम गंधर्व, जीवन लाल चंद्राकर, भुनेश्वर प्रसाद गोपाल, मोहनलाल कौशिक, केवरा यदु मीरा, मोहन कंसारी, डा भूपेंद्र सोनी, परमानंद बृजलाल दावना एवं छत्तीसगढ के सभी सम्माननीय साहित्यकार उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी मानसरोवर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ इकाई के निर्देशक चोपेश्वर साहू ने दी।

# अज्ञात चोरों ने इतवारी बाजार से भी उडाई मोटर सायकल, पुलिस जांच में जुटी

### पचधारी में नहाने गए युवक की बाईक पार

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में एक बार फिर से बाईक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है और एक के बाद एक उनके द्वारा अलग-अलग जगहों से बाईक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बाईक चोरी के दोनों मामलों मे अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना में जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डुमरमुडा वार्ड नं 8 निवासी कृष्णा दास महंत बाजार हाट में सब्जी भाजी का दुकान लगाता है। 12 मई कृष्णा महंत अपने पिता अंबू दास महंत के नाम से पंजीकृत लाल, काले रंग का एच डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूजे 1041 में ईतवारी बाजार सब्जी भाजी बेचने गया था। इस दौरान वह अपनी मोटर सायकल को सुबह करीब 08:30 बजे सिटी डेंटल केयर के सामने रोड किनारे खडा कर ईतवारी बाजार में दुकान लगाकर सब्जी भाजी बेच रहा था। सामान बेचकर घर वापस जाने कि लिये दोपहर करीब 12:30 बजे सिटी डेंटल केयर के पास जाकर देखा तो उसका मोटर सायकल को जहां खडी किया था, उस जगह पर नही था, आसपास काफी पता तलाश किया, कोई पता नही चला, अज्ञात बाईक चोर के द्वारा सब्जी व्यवसायी की बाईक चोरी की घटना को अंजाम दे दिया गया। इसी तरह की दूसरी घटना में कोतरा रोड थाना क्षेत्र के जयहिंद गली निवासी मो. छोटू ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह कोतरा रोड में किराये के मकान में रहते हुए फल बेचने का काम करता है। वह अपने बडे भाई मो. चांद के नाम से पंजीकृत काले रंग का पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एए 9893 का उपयोग करता हूं, उक्त मोटर सायकल से 12 अप्रैल की दोपहर करीब 01.30 बजे अपने दोस्त संजय दास के साथ पंचधारी डेम रायगढ में नहाने गया था, मोटर सायकल को डेम के पास स्थित मंदिर के बगल में खडा कर नहाने चला गया, घर जाने के लिये दोपहर करीब 03 बजे वापस आकर देखा तो उक्त मोटर सायकल को जहां खडी किया था, उस जगह पर नही था, आसपास पता तलाश किया, कोई पता नही चला, अज्ञात चोर के द्वारा पैशन प्रो मोटर सायकल को लेकर फरार हो गया।

# उपमुख्यमंत्री से मिले उमेश साहू, नक्सलगतिविधियों और धर्मांतरण पर की जा रही की कार्यवाहियों पर दिए बधाई

## धमतरी में बीएड और इंजीनियरिंग कॉलेज खुलवाने की मांग की गई



पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

सांसद प्रतिनिधि और भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से उनके बंगले पर जाकर सौजन्य मुलाकात किये। मुलाकात के दौरान प्रदेश के साथ धमतरी जिले में भी नक्सली गतिविधियों पर जो कार्यवाही हो रही है और उन कार्यवाही के परिणाम स्वरूप अधिक संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण के लिए सामने आ रहे हैं और समाज के मुख्य धारा में शामिल होने जा रहे हैं इस बात पर उन्हें बधाई प्रेषित किये। साथ ही धर्मांतरण जैसे विषय पर भी आगे लगातार कार्यवाही करने पर चर्चा हुई।

चर्चा करते हुए धमतरी में बीएड कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज को प्राथमिकता के क्रम में खुलवाने पर भी चर्चा हुई। मुलाकात के पश्चात बंगले के आम भोजनालय में आम लोगों के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी सामूहिक भोजन किये और सब्जी के रूप में छत्तीसगढ़ में बनने वाले दही के खट्टे में मूली और भटे की सब्जी सबको मोहित किया ।

# 10 साल की वारंटी वाले एलजी फ्रीज में साल भर में आई गड़बडी

- कंपनी को 75 हजार की फ्रीज खरीदने वाले क्रेता को अब देना होगा हर्जाना, उपभोक्ता प्रतितोष आयोग रायगढ़ का फैसला

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोतरा रोड निवासी एक क्रेता के द्वारा स्थानीय महमिया इंटरप्राईजेस से एलजी कंपनी का 75 हजार रूपये मूल्य का फ्रिज्र खरीदने के बाद कुलिंग सिस्टम में गडबडी आने पर बार-बार शिकायत के बावजूद सुधार कार्य नही करने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायगढ़ ने क्रेता के वाद को स्वीकार करते हुए अनावेदक कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानकर डेढ माह के भीतर फ्रिज्र में सुधार करने अथवा खरीदी की राशि वापस करने तथा मानसिक अनुतोष व वाद व्यय के रूप में 7 हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। परिवादी का परिवाद प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि आवेदक ... ने अनावेदकगण की कंपनी से नया फ्रिज्र मूल्य 75,000 रूपये 10 सितंबर 2020 को कंपनी के अधिकृत विक्रेता महमिया इंटरप्राइजसे रायगढ़ से क्रय किया था। जिसका इनवाईस एमई20-21,599 10 सितंबर आवेदक को प्रदान किया गया था। उक्त फ्रिज्र में 10 वर्ष की वारंटी एवं इसके प्लास्टिक के सामानों पर एक वर्ष की गारंटी थी। आवेदक द्वारा उक्तानुसार क्रय किए फ्रिज्र में क्रय दिनांक से एक वर्ष की अवधि के अंदर की कुलिंग संबंधी समस्या आने लगी। जिसकी शिकायत उसने अनावेदकगण की कंपनी के टोल फ्री नंबर पर की परंतु शिकायत का निवारण नही हो सका एवं आवेदक का फ्रिज्र बंद पडा रहा। पश्चात आवेदक की शिकायत 1 जुलाई 2022 को दर्ज की गई एवं इसकी सूचना आवेदक के मोबाईल पर प्रेषित की गई परंतु अनावेदक गण की कंपनी के टैक्नीशियन द्वारा उक्त फ्रिज्र की जांच नही की गई। आवेदक ने दिनांक 14 जुलाई को पुनः शिकायत की तब दूसरे दिन 15 जुलाई को टैक्नीशियन ने आकर फ्रिज्र की जांच की एवं 1790 रूपये प्राप्त कर इसकी रसीद आवेदक को दी तथा उत्पादक त्रुटि बताकर कंपनी से संपर्क करने को कहा । तब आवेदक ने अनावेदकगण की कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर 16 जुलाई को पुनः शिकायत की।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा पालकी यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

- भगवान परशुराम की पालकी यात्रा का सर्व समाज ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com





भगवान परशुराम जयंती पर पालकी यात्रा 13 मई शाम को रिसाई माता मंदिर से निकाली गई। भगवान परशुराम जयंती की पालकी यात्रा मे ब्राह्मण समाज के युवा साथी, प्रबुद्ध जन,वरिष्ठ, तहसील से शामिल हुए। भगवान परशुराम जयंती की पालकी यात्रा का विभिन्न चौक चौराहों पर अन्य समाज के लोगों के द्वारा माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। पालकी यात्रा में शामिल होने वाले ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ लोगों में गोपाल शर्मा, भूपेन्द्र मिश्रा, दीपक शर्मा, सुशील मिश्रा, दीप शर्मा, देवेंद्र मिश्रा,राजेंद्र श्रोति,सूरज तिवारी, अशोक शास्त्री,बालेंद्रपांडे, हुमन शास्त्री, महेश शास्त्री, पटवारी मिश्रा जीएए संतोष तिवारीए नागेश पांडेएए शुभांग मिश्रा ,महेंद्र पंडित, सजल शर्मा, प्रतीक चौबे , रोहिताश मिश्रा ,पीयूष पांडे विक्रांत शर्मा, महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा ,हेमलता शर्मा, प्रभा मिश्रा, राकेश तिवारी आशा श्रोति, एनीमिश्रा परशुराम जयंती के जय घोष के नारे लगाते व भजन गाते हुए शोभायात्रा निकाली गई जो मकई चौक पर सर्व समाज द्वारा आरती में शामिल हुए। परशुराम जयंती की पालकी यात्रा का समापन मां विंध्यवासिनी मंदिर में हुआ। म्युनिसिपल स्कूल चौक पर राष्ट्रीय स्वयं संघ की कार्यकर्ता द्वारा परशुराम जयंती पाल की यात्रा का पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत किया गया।

# विहिप धमतरी ने 50 से अधिक बहनो को सनातन संस्कृति, संस्कार, राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, देश रक्षा , युद्धकला, अस्त्र, शस्त्र एवं आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के लिए बालोद भेजा

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी का समाज हित राष्ट्र हित और धर्म हित सकारात्मक कार्य निरंतर बढ़ रहा है जिससे गांव शहर एवं समाज मे सनातन का भगवामय वातावरण का निर्माण पूरे जिले में लगातार हों रहा है। जिससे प्रभावित हो कर जिले भर की युवक युवतियां संगठन के साथ भारी संख्या में जुड़ रहे हैं और निरन्तर युवाओं को संगठन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिछले दिनों 60-70 युवाओ को बजरंग दल के प्रशिक्षण लेने रायपुर भेजा गया। आज 15 मई को जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर और जिलामंत्री रामचंद देवांगन के नेतृत्व में 50 से ज्यादा बहने दुर्गावाहिनी आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए जिले से रवाना हुए जिसमे जिला के अलग अलग क्षेत्र जैसे भखारा, मगरलोड, कुरूद नगरी, धमतरी ऐसे सभी क्षेत्रों की बहने शामिल रही। प्रशिक्षण के दौरान बहनों को बंदूक चलाना, लाठी चलाना, ताई क्वांडो, कराटे,तलवार बाजी जैसे प्रशिक्षण के साथ देश धर्म समाज एवम् सनातन संस्कृति का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे प्रशिक्षित होकर जिले की सभी बहने अपनें अपनें क्षेत्र में निरन्तर युवतियों को आत्मरक्षा और धर्म संस्कृति का प्रशिक्षण देंगे और जिले भर मे हिंदुत्व जागरण के क्षेत्र में समाज सेवा एवम् धर्म रक्षा का कार्य करेगें। जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बालिकाओं को उद्बोधन में कहा नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है अपने भविष्य के निर्माण के लिए राष्ट्र को आंतरिक अशांति एवं शस्त्र विद्रोह से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। मोहन साहू जी प्रांतीय पदाधिकारी ने बेटियों को मास्टर ट्रेनर बनकर अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए समझाया। जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा प्रशिक्षण मे कड़ा मापदंड होता है जिसमे विषम परिस्थितियों में जीना सिखाया जाता है और अभाव में रहकर निखरना सिखाया जाता है। कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर ने प्रशिक्षण के लिए जाने वाली सभी बहनों को आश्वस्त किया कि आपके लिए सभी आवाश्यक सुविधाओ का उचित ख्याल रखा जायेगा किन्तु आपकों सुविधाओ से ज्यादा प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करना है।

### महिला ने उच्च न्यायालय में की शिकायत

# आरपीएफ पुलिस पर महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



आरपीएफ पुलिस के द्वारा ट्रेन में फेरी करने वाली महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला के द्वारा मामले की शिकायत कोर्ट में करने की बात कही जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित महिला उत्तरा बाई महिलाने ने बताया कि वह जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मौदहापारा वार्ड नं. 31 की रहने वाली है। उसने बताया कि 7 मई को मतदान करने के बाद जब वह आटो से रेलवे स्टेशन पहुंचकर जैसे ही ककडी उतारी तभी आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे थाने ले जाकर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित महिला ने आरपीएफ पुलिस के 6 अधिकारियों पर नामजद मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही साथ महिला ने अपने साथ हुए मारपीट की शिकायत उसने रायगढ़ कोर्ट के माध्यम से हाईकोर्ट में करने की बात कह रही है।

**हमेशा की जाती है पैसे की मांग**-पीड़ित महिला ने बताया कि आरपीएफ पुलिस के द्वारा हमेशा उससे पैसे की मांग की जाती है। महिला का यह भी कहना था कि इस कारोबार में पेट चलना मुश्किल हो रहा है ऐसे में रोजाना वो आरपीएफ पुलिस को एक-एक हजार कैसे दे सकेगी। पहले महीने में दो हजार देते थे वैसा वो महीने में पैसे देने को तैयार है।

**दरवाजा बंद करके पीटा**-पीडित महिला ने बताया कि आरपीएफजवानों के द्वारा उसे थाने ले जाकर दरवाजा बंद करते हुए मारपीट की गई है। इससे पहले कभी भी उसके साथ मारपीट नही हुई है। बस रायगढ़ में ही उसके साथ मारपीट हुई है।

महिला ने बताया कि अपने साथ हुए मारपीट की शिकायत उसने रायगढ़ कोर्ट के माध्यम से हाईकोर्ट में की है। जिसमें 15 दिनों के बाद फैसला आने की बात कही गई है। पीड़ित महिला ने आरपीएफके 6 पुलिस अधिकारियों पर आरोप लगाया है।

**पहले ट्रेन में भीख मांगती थी महिला**-महिला ने बताया कि वह बचपन से ट्रेन में भीख मांगकर अपना पेट पालते आ रही थी। 15 साल पहले रायगढ़ के कुछ पुलिस अधिकारियों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे दो रूपये देते हुए व्यापार करते हुए कमाने खाने का तरीका सिखाया और ककडी खीरा दिया तब से महिला टेऊन में खीरा ककडी बेचकर अपना पेट पालते आ रही है।

**प्रतिदिन एक हजार रूपये मांगा जाता है**-महिला ने यह भी बताया कि आरपीएफपुलिस के द्वारा रोजाना एक हजार रूपये की मांग की जाती है। ब्रजराजनगर वाले, छापा वाले, रायगढ़, बिलासपुर वाले पकड़ते हैं तो एक हजार और महीना का अलग और डेली का अलग से पैसे की मांग की जाती है और तो और ट्रेन में चढ़ने के नाम पर सौ रूपये अलग से मांग की जाती है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**-इस संबंध में आरपीएफप्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि महिला आदतन अपराधी है, थाने में उसके खिलाफकई मामले दर्ज हैं, यहां तक कि उक्त महिला के द्वारा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। महिला के साथ किसी तरह की मारपीट नही की गई है।

# पंखों से नहीं हौसलों से उड़ान होती है: मीरा घाड़गे



पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन छत्रपति शिवाजी मराठा मंगल भवन में आयोजित किया गया जिसमे विशेष सहयोग एवं प्रयास मीरा घाडगे बिलासपुर संरक्षक छ ग़ मराठा समाज को शाल श्री फल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज वर्तमान समय में नारी शक्ति स्वरूपा है घर को स्वर्ग बनाती है नारी के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं आज वर्तमान समय में नारी हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीतिक सामाजिक व आर्थिक सभी सोपानों पर अपनी योग्यता साबित कर रही है । प्रदेश अध्यक्ष कविता बाबर ने शादी मुहूर्त में करने तथा पाश्चात्य पद्धति का अनुसरण ना करने का समाज जनों का आव्हान किया कार्यक्रम के इस अवसर पर धमतरी के कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा नारी के विभिन्न स्वरूपों में समाज व देश के प्रति उनके योगदान की भूमिका का मंचन किया गया जिसमे भावना घोरपड़े वर्षा रणसिंह, कविता बाबर, प्रगति पवार, वंदना पवार, नीता रणसिंह, जया रणसिंह ,नीलू पवार, रानी सावंत, स्नेहा देशमुख , गायकवाड़ ने भाग लिया इस मंचीय कार्य का निर्देशन डॉ अपूर्वा शिंदे नन्ही ने किया ।

## संपादकीय

# भारत-चीन संबंध व्यापार संतुलन जरूरी

**भारत-चीन संबंध** काफी जटिल हैं। भारत चीन का आर्थिक वर्चस्व घटाना चाहता है, लेकिन चीन अमेरिका को पीछे छोड़ कर भारत का सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी बन गया है। ऐसे में व्यापार संतुलन जरूरी है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में अक्सर व्यापार संबंध भू-राजनीति पर भारी पड़ते हैं। भारत की चीन के साथ बढ़ती व्यापारिक निकटता इसका उदाहरण है। चीन 2023-24 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार बन गया है। हालांकि, यह घटना उस देश के लिए बहुत खुशी की बात नहीं है जो चीन का विकल्प बनना चाहता है तथा अपना विनिर्माण क्षेत्र प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' आह्वान के आधार पर मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। भारत सरकार चीन के साथ संबंधों में सतर्कता बरत रही है, पर संभवतः अनेक आर्थिक कारण द्विपक्षीय व्यापार को गति दे रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को लंबे समय से 'प्रतियोगिता और सहयोग' का मिश्रण कहा गया है। दोनों देश क्षेत्रीय महाशक्ति हैं, उनका विशाल उपभोक्ता आधार है तथा विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, अर्थव्यवस्था व ढांचागत संरचना के दृष्टिकोण से चीन भारत से काफी आगे हैं, पर पिछले वर्षों में चीनी अर्थव्यवस्था सुस्त हुई है और भारत वर्तमान समय में दुनिया में सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। पिछले वर्षों में चीन भारत समेत दुनिया को वस्तुओं के महत्वपूर्ण सप्लायर के रूप में उभरा है। इसके साथ ही भारत चीनी निर्यातों का, अच्छा बाजार बना है। लेकिन असली समस्या व्यापार असंतुलन है। भारत में चीनी वस्तुओं के आयात की तुलना में भारत से चीन को निर्यात बहुत कम है। इससे हमारे स्थानीय उद्योग प्रभावित होते हैं।



विडंबना है कि अधिकांश व्यापारी अच्छे मुनाफे के लिए आसान आयात का रास्ता अपनाते हैं, भले ही आयातित वस्तुओं का मानक कुछ खराब हो। इससे भारत की अनेक एमएसएमई विनिर्माण इकाइयों में रोजगार घटते हैं। इसके साथ ही भारत और चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए यह परिदृश्य खतरे से भरा है। हालांकि, पैसे और हितों के जुड़ाव से टकराव घटाने में भी सहायता मिलती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पर अनेक तत्व प्रभाव डालते हैं। दोनों देशों की अथव्यवस्थायें बहुत विशाल हैं और इस कारण दोनों के बीच व्यापार स्वाभाविक रूप से काफी अधिक होता है। सीमा पर कभी-कभी होने वाले विवादों और अन्य भू-राजनीतिक मुद्दों पर अक्सर आर्थिक आयाम भारी पड़ते हैं जिससे व्यापार संबंध फलते-फूलते रहते हैं। चीन की विनिर्माण शक्ति तथा कीमत के मामले में उसकी प्रतियोगिता क्षमता ने उसे भारतीय आयातकों के लिए आकर्षक बना दिया है। यह बात खासकर उन क्षेत्रों के लिए सही है जहां घरेलू उत्पादन मांग पूरी नहीं कर पा रहा है। लेकिन इसके बावजूद चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा भारत द्वारा अपनी वस्तुओं पर निर्भरता तथा व्यापार में समानता लाने की आवश्यकता उजागर करता है। भारत-चीन व्यापार पर भू-राजनीतिक आयामों का प्रभाव अनदेखा नहीं किया जा सकता है। भारत सरकार ने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता तथा प्रमुख क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया है। ऐसे में 'मेक इन इंडिया' तथा 'प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव'-पीएलआई जैसी पहलों को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत की व्यापार साझेदारी को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देने तथा इन देशों के साथ व्यापार में विविधता लाने की भी आवश्यकता है। सरकार भारत-चीन व्यापार की प्रकृति में मूलभूत संतुलन तथा व्यापार घाटा कम करने के प्रयास कर रही है।

# नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन

भारत-नेपाल संबंधों में तनाव के बीच नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन की खबरें आजकल चर्चा में हैं। इससे नेपाल में व्याप्त राजनीतिक अस्थिरता स्पष्ट होती है।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



भारत-नेपाल संबंधों में तनाव के बीच नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन की खबरें आजकल चर्चा में हैं। भारत और नेपाल सरकार के साथ ही भारत और नेपाल की जनता के बीच बहुत गहरे संबंध रहे हैं। हालांकि, कभी-कभी अफवाहों या गलत सतझदारी के कारण दोनों देशों के बीच तनाव भी पैदा होते रहे हैं। भारत-नेपाल सरकारों तथा जनता के बीच संबंधों के इसी उतार-चढ़ाव का लाभ उसका पड़ोसी देश चीन उठाने का प्रयास करता है। नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन की खबरों पर नेपाल के स्वर्गीय विदेश मंत्री ऋषिकेश शाह यही कहते कि काठमांडू दुनिया में अफवाहों की राजधानी है और यहां अनेक प्रकार के अनुमान लगातार लगाए जाते रहे हैं। एक समय अत्यधिक लोकप्रिय भारतीय अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने कहा था कि नेपाल बहुत खूबसूरत देश है, हालांकि उन्होंने गलती से यह भी कह दिया था, 'हम सौभाग्यशाली हैं कि यह भारत का हिस्सा है।' उनके इस बयान से नेपाल में गुस्से की लहर दौड़ गई थी, पर नेपाल में इसे बड़े मजेदार ढंग से भी लिया गया था।

एक समय दिल्ली के मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने भारत में काम कर रहे नेपालियों के शानदार गुणों की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि वे बड़े अच्छे सेवकों की भूमिका निभाते हैं। उनके इस बयान से भी नेपाल में बहुत से लोग गुस्सा हुए थे और अफवाहों के चलते अनेक भद्दी विकृतियां भी सामने आई थीं। ऋतिक रोशन ने यह कभी नहीं कहा था कि वे नेपालियों को पसंद नहीं करते हैं, पर इसके बावजूद अफवाहों के चलते नेपाल में उनकी फिल्मों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था तथा इसके चलते भारत-नेपाल संबंधों को और भी नुकसान हुए थे। आमतौर से भारत को नेपाल की अपनी समस्याओं और गुस्से का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

हालांकि, निकट अतीत में चीन की नकारात्मक भूमिका काफी बढ़ गई है। नेपाल में भारत-विरोधी भावनायें 2015 में आर्थिक नाकेबंदी से शिखर पर पहुंच गई थीं। कालापानी, लिपुलेख और लिंपीधुरिया पर सीमा विवाद नेपाल द्वारा भारत के इन क्षेत्रों को नए मानचित्र में शामिल करने से और भड़क गया है। कहा जाता है कि इसके पहले भारत ने कालापानी को अपने नए मानचित्र में स्थान दिया था। इस मुद्दे पर चीनी राजदूत सुश्री हू यांक्सी द्वारा नेपाली राजनेताओं की आलोचना को भारतीय मीडिया में उछाला गया। इस प्रकार यांक्सी भारतीय और नेपाली मीडिया के बीच बहस में केन्द्रीय स्थान पर आ गई हैं।

इससे यह पता चलता है कि नेपाल में राजनेता वर्ग, सेलेब्रिटीज़ तथा मीडिया भी ठीक से सूचनाओं और तथ्यों के आधार पर काम नहीं करता है। पिछले सप्ताह फैली इस अफवाह और अनुमानों की व्यापक पृष्ठभूमि पर गौर करना होगा कि नेपाल में संभवतः सरकार में परिवर्तन होने वाला है। जेएसपी-एन में विभाजन की खबरें उस समय आईं जब उसके सुप्रीम तथा उप-प्रधानमंत्री व स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री उपेन्द्र यादव अमेरिका यात्रा पर थे। इस खबर में कहा गया था कि एनसी नेता शेर बहादुर देउबा ने प्रचंड के नेतृत्व वाली वाम-गठबंधन सरकार उलटने के प्रयास किए। इस खबर के अनुसार 12 सांसदों का नेतृत्व करने वाले यादव तथा 10 सांसदों का नेतृत्व करने वाले यूनीफाइड सोशलिस्ट के माधव नेपाल ने सरकार से बाहर जाने का फैसला किया है। एनसी नीत डेमोक्रेटिक एलायंस को सत्ता में आने के लिए 20 से अधिक सांसदों के समर्थन की जरूरत है। यह योजना विफल हो गई क्योंकि यूएमएल के केपी ओली ने जेएसपी-एन में पहले से ही विभाजन करा दिया। इससे उनके पूर्व साथी व सांसद अशोक राय 12 सांसदों में से 7 को लेकर यादव से अलग हो गए।

लेकिन वास्तविक स्थिति अलग है। यादव की योजना मधेशियों के साथ मिल कर पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले पहाड़ी नेपालियों पर वर्चस्व प्राप्त करना था। इससे पहाड़ी और मधेशी सदस्य यादव से नाराज हो गए। राय ने निर्वाचन आयोग से संपर्क कर नेपाल में एक नई पार्टी जेएसपी पंजीकृत कराई जिससे एन बाहर थी। इस पर यादव ने राय समूह से अदालत में निपटने का फैसला किया। राय ने प्रचंड को समर्थन का वादा किया था। लेकिन देउबा के समझौते के बारे में अलग-अलग खबरें थीं जिनके अनुसार यादव को प्रधानमंत्री बनाना या माधव नेपाल के साथ उनके कार्यकाल का साझा शामिल था। यह समझौता भी निरर्थक साबित हुआ क्योंकि यूनीफाइड सोशलिस्ट पहले ही दो प्रधानमंत्रियों-नेपाल व झालानाथ खनल के बीच विभाजित थे। कहा गया कि भारत ने सरकार परिवर्तन के लिए देउबा का समर्थन किया। इस 'आपरेशन टॉपल' के लिए 21 सांसदों वाली आरएसपी या जेएसपी-एन व यूनीफाइड सोशलिस्ट को सत्तारूढ़ अवस्थापना से अलग होना था। इस 'ग्रेट गेम' में 31 सांसदों वाली सीपीएन-माओइस्ट की भूमिका किंगमेकर वाली थी जिसकी आवश्यकतता सत्ता में बने रहने के लिए एनसी व यूएमएल, दोनों को है। प्रचंड-नीत गठबंधन को यह खतरा संसद में हर उस पार्टी से था जिसकें सांसदों की संख्या दहाई में थी। सबसे बड़ी पार्टी एनसी आहत होने के बावजूद राजनीतिक स्थायित्व के लिए सुलह के लिए तैयार नहीं है। इसने 'कोआपरेटिव फंड घोटाले' पर संसदीय कार्यवाही को एक महीने से अधिक बाधित किया जिसमें गृह मंत्री आरएसपी के रबी लामिछाने संलिप्त हैं। उसने लामिछाने के कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक संसदीय समिति गठित करने की मांग की। प्रचंड ने ऐसी जांच पर सहमति जताई जिसमें घोटाले में शामिल अन्य पक्षों की भी जांच हो। इस प्रकार कुछ समय बाद संसद का कामकाज बहाल हुआ, पर एनसी ने उसे चलने नहीं दिया। बजट को जल्दी से पास किया गया और सरकार शायद कामकाज चलाने के लिए अध्यादेश का रास्ता अपनाएगी।

भारत में भी इस समय चुनाव चल रहे हैं। भारत ने नेपाल में लोकतंत्र स्थापित करने और उसे बहाल करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर वर्तमान समय में चल रहे लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में उलझे हुए हैं और वे भारतीय विदेश नीति संबंधी हर मुद्दे पर, खासकर भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति पर अपने विचार प्रकट कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राजनीति में उतार-चढ़ाव भले ही आते रहें, पर भारत पड़ोसी देशों के लोगों को अपना मित्र मानता रहेगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बिजनेस की तरह राजनय में भी उतार-चढाव आते रहते हैं और यह सामान्य स्थिति का हिस्सा है। भारत-नेपाल सबंधों को हालिया धक्का लंबे समय से जारी सीमा विवाद फिर उभरने से लगा है।

नेपाल सरकार ने अपने राज्य प्रतीक में शामिल करने के बाद नए मानचित्र को 100 रुपये के नोटों पर छापने का भी निर्णय किया है। इसके बारे में एस. जयशंकर ने कहा कि नेपाल ने एकपक्षीय रूप से कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन उनसे जमीनी यथार्थ नहीं बदल सकता है तथा 'स्थापित मंच' पर इस मुद्दे पर चर्चा हो रही है। लेकिन संभवतः दोनों देशों की सरकारों के बीच इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई है।

प्रचंड और ओली के लिए 'राष्ट्रवाद' जादुई छड़ी की तरह है। पिछले जून में प्रचंड की भारत की आधिकारिक यात्रा के समय जारी प्रेस बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सीमा विवाद का समाधान एक संयुक्त व्यवस्था के अंतर्गत किया जाएगा। लेकिन यह तथ्य आश्चर्यजनक है कि उनके इस बयान का उल्लेख संयुक्त बयान के समय जारी प्रेस वक्तव्य में नहीं था। भारत और नेपाल के बीच राजनयिक और राजनीतिक उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण यह है कि दोनों देश एकपक्षीय रूप से अनेक फैसले लेते रहे हैं। यह एकपक्षीयता पड़ोसी देशों के साथ राजनयिक संबंधों को प्रभावित करती है। हालांकि, नेपाली राजनयिकों का कहना है कि मानचित्र के मामले में नेपाल की प्रतिक्रिया पहले की गई भारतीय क्रिया के जवाब में है। पर भारत का कहना है कि ऐतिहासिक व परंपरागत रूप से विवादित क्षेत्र हमेशा भारतीय नियंत्रण में रहे हैं। भारत-नेपाल संबंधों में तनाव के साथ ही यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि वर्तमान नेपाली सरकार का समर्थन करने वाले चीन ने भी एकपक्षीय रूप से भारत से लगी एलएसी को मानचित्र में गलत दिखाया है।

# केजरीवाल को ज़मानत और विवादों का दौर

> दिल्ली के मुख्यमंत्री की रिहाई ने अशुभ भविष्यवाणियों और साहसिक राजनीतिक बयानों के साथ विवाद को जन्म दिया, जिससे लोकतंत्र के भविष्य पर देशव्यापी बहस छिड़ गई।

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



आपराधिक मामलों में आरोपी व्यक्तियों का गिरफ्तार होना और अदालतों द्वारा उन्हें जमानत दे देना कोई नई बात नहीं है। भले ही वह व्यक्ति किसी राज्य का मौजूदा मुख्यमंत्री या पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री हो, जमानत आरोपी को आरोपों से मुक्त नहीं करती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से जमानत पर रिहा करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि यह एक अस्थायी व्यवस्था है ताकि वह चुनाव अभियान में भाग ले सकें क्योंकि लोकसभा चुनाव पांच साल में एक बार आता है।

अब तक तो सब ठीक है। लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत पर रिहा करने के बाद जो हुआ उसका गहन विश्लेषण करने की जरूरत है। शनिवार को उन्होंने भगवान अंजनेय मंदिर में पूजा की और एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने जो कहा वह चौंकाने वाला और लोगों के मन में डर पैदा करने वाला है. उन्होंने कहा कि अगर भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव जीतती है और सत्ता में वापस आती है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी विपक्षी नेताओं को जेल भेज देंगे। केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि अमित शाह को अगले प्रधान मंत्री के रूप में तैयार किया जा रहा है क्योंकि मोदी के 2025 में 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने की संभावना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया एक और खुलासा यह था कि योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाएगा। बीजेपी को सत्ता में वापस आए दो महीने हो गए हैं।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया केजरीवाल की जमानत और उनकी भविष्यवाणियों का जश्न मना रहा है। मीडिया का एक बड़ा वर्ग इस तथ्य को भूल गया कि वे खिलाड़ी के रूप में खेल में शामिल हुए बिना लाइव इवेंट की रनिंग कमेंट्री देने वाले लोग थे। केरल और तमिलनाडु में मीडिया क्लाउड नाइन पर रिपोर्ट कर रहा है कि 4 जून 2024 के बाद केंद्र में सरकार बदलने जा रही है। खैर, इसे मतदाताओं पर छोड़ दें जो अपने प्रतिनिधियों को चुनने की प्रक्रिया में हैं। यह देखना अच्छा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से छेड़छाड़ को लेकर संदेह ने तूल पकड़ लिया है और विपक्षी नेताओं ने सरकार गठन के तौर-तरीकों पर काम करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री की शनिवार की प्रेस मीटिंग 2019 की याद दिलाती है जब उन्होंने दावा किया था कि अगर बीजेपी आम चुनाव जीतती है और सत्ता में लौटती है, तो भारत में कोई और चुनाव नहीं होगा। अगर नरेंद्र मोदी सत्ता में लौटते हैं तो 2019 का आम चुनाव देश का आखिरी चुनाव होगा, ये 2019 में केजरीवाल के शब्द थे।

2019 के आम चुनाव के बाद, नरेंद्र मोदी बड़े बहुमत के साथ सत्ता में लौटे और देश में सभी राज्य विधानसभाओं के लिए नियमित चुनाव हुए, जिन्होंने अपना अनिवार्य पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। हालाँकि यह दावा चारों तरफ से धराशायी हो गया, लेकिन न तो मीडिया जिसने आखिरी आम चुनावों के बारे में केजरीवाल की चेतावनी को उजागर किया था और न ही हमारे राजनीतिक पंडितों को इसकी याद आई।

एक बार नतीजे घोषित हो गए और भाजपा सत्ता में लौट आई, तो यह खबर बन गई और बाकी सब कुछ भुला दिया गया (कम से कम 2024 तक)।

विपक्ष द्वारा एक और युद्ध का मोर्चा खोल दिया गया है और वह है एक राष्ट्र, एक नेता की अवधारणा, केजरीवाल द्वारा गढ़ा गया बिल्कुल नया नारा। क्या यह स्पेनिश-अमेरिकी दार्शनिक जॉर्ज सैंटायना नहीं थे जिन्होंने 1863 में कहा था कि जो लोग अतीत को याद नहीं कर सकते वे इसे दोहराने के लिए अभिशप्त हैं? मुझे यकीन है कि नरेंद्र मोदी इस कहावत को अच्छी तरह से जानते हैं और इसलिए केजरीवाल द्वारा गढ़े गए नारे का पालन करने की कोई संभावना नहीं है।

देश का पूरा मीडिया इस बात पर एकमत है कि चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है। लेकिन अगर त्योहार आधे-अधूरे और पूरे झूठ से भरे रहेंगे तो निश्चित तौर पर उनका आकर्षण खत्म हो जाएगा। कोई भी कुछ नेताओं के इस दावे के पीछे के तर्क को समझने में असमर्थ है कि भाजपा सरकार संविधान को नष्ट कर देगी!

जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ संविधान को बहुत पटरी से उतार दिया कि संविधान की मूल संरचना के साथ कभी छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। 1976 में तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद आदि शब्दों को शामिल करके संविधान की प्रस्तावना में बदलाव किया था। भारत 1947 से 1976 तक अपने संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्दों के बिना एक राष्ट्र के रूप में जीवित रहा। जब संविधान का पहली बार मसौदा तैयार किया गया था, तब उसके निर्माता बी आर अंबेडकर इन शर्तों को शामिल करने के पूरी तरह खिलाफ थे। इन शर्तों के लागू होने के बाद ही भारत में सांप्रदायिक दंगे और आतंकवाद चरम पर थे। आरोप-प्रत्यारोप ठीक हैं क्योंकि वे प्रचार की तीव्रता को बढ़ाते हैं। लेकिन बेबुनियाद आरोप चुनाव प्रक्रिया की सुंदरता को ख़त्म कर देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने जिन नेताओं को मोदी शासन के संभावित पीड़ितों के रूप में नामित किया है, वे संत या धन्य संत नहीं हैं। दिल्ली से आई रिपोर्टों में कहा गया है कि केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने आठ या नौ बार बुलाया था।

मुख्यमंत्री ने अवमानना के साथ इसे नजरअंदाज करने का फैसला किया। उन्हें शायद यह सच्चाई नहीं पता होगी कि मौजूदा प्रधानमंत्री ने गुजरात दंगों के बारे में उनसे पूछताछ करने के लिए पूर्व सीबीआई निदेशक आर के राघवन की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल के साथ सहयोग किया था। 19 घंटे तक, तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री पूछताछ में बैठे और उनके द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। इसे ही हम ईमानदारी और सत्यनिष्ठा कहते हैं। लोगों को अब भी उम्मीद है कि केजरीवाल भी ईमानदार हैं।

## आप की बात

### चुनावी अनैतिकता

**आंध्र प्रदेश** में हुए मतदान में धन वितरण, भ्रष्ट व्यवहार, मतदाताओं के अधिकारों के उल्लंघन तथा राजनीतिक दलों से रिश्वत मांगने की फरमाइशें सामने आई हैं। विडंबना है कि चुनावी अनैतिकता की यह बीमारी समाज के हर हिस्से को प्रभावित कर रही है। आदर्श आचार संहिता लागू करने के अत्यधिक विकसित संसाधनों के बावजूद वोट के बदले नोट या अन्य सुविधाओं का चलन अब भी जारी है। गरीब ही नहीं बल्कि अमीर लोगों द्वारा अपनी कॉलोनी में खास सुविधाओं की मांग करना हैरान करने वाला है। एक और तो देश भर की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है वहीं कुछ लोग यदि अपने वोट के बदले रिश्वत ले रहे हैं तो यह मानसिकता बने रहने पर देश से कभी भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो सकता। निर्वाचन आयोग को चुनावी अनैतिकताओं की ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने की तात्कालिक कार्रवाइयों के साथ ही कुछ दूरगामी कदमों पर भी विचार करना होगा। देश की न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग को चुनावों में गैर-जिम्मेदारी के साथ येन-केन-प्रकारेण जनता के विभिन्न वर्गों को खैरातें या रेवड़ियां बांटने की परंपरा पर कानूनी रोक लगानी होगी। गरीबों के कल्याण तथा सबको खैरात बांट कर सत्ता तक पहुंचने के बीच अंतर करना देश में सभी राजनीतिक दलों के लिए जरूरी हो गया है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आरक्षण पर विमर्श

**सरकार** की संवैधानिक आरक्षण व्यवस्था निरंतर जारी रहे परन्तु इसे बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया जाना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिल सके और वे गरीबी रेखा से ऊपर उठकर अपना जीवन बेहतर बना सके। विडंबना है कि आरक्षण का वर्तमान रूप वास्तविक जरूरतमंद लोगों के हक़ को कम या समाप्तप्राय कर रहा है। इससे आरक्षित वर्गों के गरीब लोग अपने ही समाज के तुलनात्मक रूप से अमीर लोगों द्वारा हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वे अपने जीते जी किसी भी स्थिति में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। संविधान में भी धर्म-आधारित आरक्षण के बजाय शैक्षिक व सामाजिक आधार पर गरीबों, पिछड़ों और अति-पिछड़े लोगों का जीवन संवारने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। बाबा साहब आंबेडकर ने तो आरक्षण की व्यवस्था केवल 10 वर्षों के लिए की थी, किन्तु सभी राजनीतिक दल उसे आगे बढ़ाते चले गए। अब आरक्षण की सीमा पचास प्रतिशत से अधिक करने की मांग हो रही है। ऐसे में चुनाव के पश्चात आरक्षण के पूरे विषय पर व्यापक व सद्भावनापूर्ण विमर्श शुरू किया जाना चाहिए। अत्यधिक लोकप्रिय नरेन्द्र मोदी इस विमर्श की शुरुआत कर सकते हैं।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**- एआई के साथ गूगल से अधिक बेहतर नया सर्च इंजन जल्द ही मार्केट में लांच होने जा रहा है। यह इंटरनेट की दुनिया में एक नए युग का सूत्रपात करेगा। एआई दिन-ब-दिन इंसानों के जीवन का अनिवार्य अंग बनता जा रहा है। अभी हम विज्ञान के जिन चमत्कारों को देख रहे हैं उनसे कई अधिक वास्तविकता लिए हुए तकनीक के नए रूप सामने आने वाले हैं। इसके चलते शिक्षा, स्वास्थ्य व जीवनयापन के तमाम पहलू परिष्कृत हो सकेंगे। एआई से बड़े पेमाने पर सरकार की सभी योजनाएं चुनिंदा एप्स में ही समाहित होकर लोगों को एक ही मंच पर उपलब्ध हो जाएगी। इससे सभी तरह के कार्य में पारदर्शिता आने के साथ-साथ हेराफेरी और गड़बड़ी के अवसर खत्म होते जाएंगे। कोई आश्चर्य नहीं यदि आगामी आमचुनाव 2029 तक हमें आधार कार्ड के केवाईसी की तरह वैरीफाई करके घर बैठे या दूर देश से वोट करने का अधिकार प्राप्त हो जाए। लेकिन सभी आविष्कारों की तरह एआई से अनेक पेशे हमेशा के लिए समाप्त हो जाएंगे तथा अनेक वर्तमान कौशल निरर्थक सिद्ध हो जाएंगे। भारत जैसे दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश को एआई के इस आयाम पर भी समग्रता से गौर कर व्यापक कदम उठाने होंगे।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### चारधाम यात्रा

**देश** भर के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा का हमेशा इंतजार रहता है।10 मई को उत्तराखंड के चारधाम-यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ के कपाट खोले जा चुके हैं। उत्तराखंड सरकार ने सुविधाजनक यात्रा के प्रबंध किए हैं, लेकिन उमड़ते श्रृद्धालुओं को देखते हुए ये नाकाफी साबित हुए। चारधाम यात्रा में 5 किलोमीटर की लंबी लाइन है। हालांकि, सरकार ने ऑफलाइन व ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की है ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। लेकिन 96 घंटे के अंदर ही 5 श्रद्धालुओं की मृत्यु चिंता का विषय है। उत्तराखंड सरकार को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम करना होगा। भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने अपील जारी की है कि यात्री अभी यमुनोत्री, गंगोत्री न आएं। केदारनाथ, बद्रीनाथ व गंगोत्री यमुनोत्री की यात्रा बेहद कठिन है। यहां संकरी पगडंडी से गुजर कर जाना होता है। धार्मिक यात्राएं भावना व आस्था से जुड़ी होती है तब भी हमें सरकार के दिशा निर्देश का पालन करते हुए ही अपनी यात्रा करनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण भी धार्मिक आस्था का अंग है।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# संजारी बालोद के लिए 19, डौंडीलोहारा के लिए 20 और गुंडरदेही विधानसभा के लिए 21 राउंड की काउंटिंग की जाएगी

## जिले में महिला अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत शत प्रतिशत मतगणना कार्य






पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल ने कहा कि जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत तीनों विधानसभाओं के लिए शतप्रतिशत मतगणना कार्य इस बार महिला अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, जो कि लोकतंत्र के पर्व पर जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारियों के द्वारा शतप्रतिशत मतगणना करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम जिला बनेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत के सभागार में मतगणना का आवश्यक इंडक्शन प्रशिक्षण काउंटिंग सुपरवाइजर और काउंटिंग असिस्टेंट को दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्रशिक्षण में मतगणनाकर्मियों को संबोधित करते हुए मतगणना का कार्य निष्पक्ष एवं पूर्ण निपूणता के साथ संपन्न कराने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिए तथा मतगणना हेतु महिला मतगणना अधिकारियों को प्रेरित भी किया।

### अंतिम परिणाम की घोषणा होगी कांकेर से

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना कार्य में तीनों विधानसभाओं के लिए पृथक-पृथक मतगणना हाल बनाए जाएंगे। प्रत्येक मतगणना हाल में 14 काउंटिंग टेबल्स पर ईव्हीएम मशीनों की काउंटिंग राउंड वाइस की जाएगी। संजारी बालोद के लिए 19 राउंड, डौंडीलोहारा के लिए 20 और गुंडरदेही विधानसभा के लिए 21 राउंड की काउंटिंग की जाएगी। एआरओ तथा एएआरओ टेबल्स पर टेबुलेशन कार्य संपन्न किया जाएगा। राउंडवाइज मतगणना परिणामों की घोषणा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा प्रत्येक राउंड की मतगणना समाप्त होने के बाद किया जाएगा। अंतिम परिणाम की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर कांकेर द्वारा कांकेर से किया जाएगा। सभी राउंड्स की काउंटिंग समाप्त होने के बाद प्रत्येक विधानसभा के लिए रैंडमली सलेक्टेड 05 वीवीपीएटी मशीनों की पेपर स्लिप्स की गणना मतगणना सत्यापन के लिए किया जाएगा। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने भी मतगणना अधिकारियों को मतगणना कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतगणना संबंधी प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेन विजय देवांगन, एन के यादव और दिलीप साहू ने दिया।

# मोहरेंगा से पौसरी मार्ग हुए जर्जर, लोगों को आने-जाने में हो रही है परेशानी





पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मोहरेंगा से ग्राम पौसरी मार्ग लापरवाही और उदासीनता के चलते इतनी जर्जर हो गई है कि सड़क कुछ स्थानों पर बीचोंबीच दो भाग में बंट गया है कई जगह उबड़-खाबड़ हो गया है संबंधित विभाग के द्वारा इस सड़क को बनाने के लिए 8 महीने पहले ठेकेदार को ठेका दे कर बोर्ड लगा दिया गया है लेकिन सड़क का निर्माण का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाया है जिससे ग्रामीणों को आये दिन बरसात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मोहरेगा से पौसरी मार्ग जो लगभग पौने तीन किलोमीटर है जिसका नवीनकरण एवं संधारण कार्य प्रारंभ होने का तिथि 3 अगस्त 2023 था। जिसे पूर्ण करने की तिथि 13 अप्रेल 2024 था। लागत इसका 130.88लाख रुपए था लेकिन लगभग 8 महीने हो गए यहां पर इस मार्ग का अभी तक कार्य निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है ग्रामीणों के द्वारा इस आने जाने में हो रही परेशानी को अवगत कराने के लिए अधिकारियों को फोन मोबाइल करते हैं लेकिन अधिकारी फोन उठाना भी उचित नहीं समझते यह रोड बेमेतरा से कबीर अनुयायियों के लिए दामाखेड़ा जाने का सबसे कम दूरी दूरी वाला रोड है जिसके कारण इस रोड में हमेशा लोगों को आना-जाना बना रहता है इसके अतिरिक्त यह मार्ग बिलासपुर मुंगेली और भाटापारा जाने वाले मार्ग को भी जुड़ता है।

### मार्ग हो गया है जर्जर, चलने में परेशानी

मोहरेंगा से पोसारी मार्ग का समय पर मरम्मत एवं नवीनीकरण नहीं हो पाया जिसके कारण यह रोड एकदम जर्जर हो गया है कई जगह पर या रोड उखड़ गया है तो कहीं पर मार्ग दो भाग में बट गया है बताया जाता है कि सन 2008 में इस मार्ग पर दो तरफनाली तो बना दिया गया था पर उसमें मिट्टी नहीं डाला गया था। बताया जाता है रोड जर्जर होने के बाद भी ग्राम पोसारी वालों को इस मार्ग से हर महीने गुजरना पड़ता है क्योंकि पोसरी के लोगों का सोसायटी मोहरेंगा है जिनको हर महीने चावल से लेकर तेल तक का यहां पर लेने के लिए आना पड़ता है यह भी जानकारी मिली है कि इस मार्ग के किनारे कुछ खेत वालों ने धीरे-धीरे जगह बढ़कर सड़क के इतना करीब आ गया है कि दो वाहन एक साथ आ जा नहीं सकते यदि दो विपरीत दिशा से वाहन आते हैं तो एक वाहन को दूर में सुरक्षित जगह पर खड़ा करना पड़ता है तब दूसरा वहां से गुजरता है इसके साथ यह भी जानकारी मिली है कि इस मार्ग पर एथेनॉल वाले ने सड़क के किनारे में पाइप डाल दिया है जिसे ठीक से समतल नहीं किया गया है जिसके कारण भी वाहन को सड़क किनारे में खड़ा करने पर जमीन में बरसात की दिनों में जमीन में फंसने की संभावना बनी रहती है यह बताया गया है कि इस मार्ग को बनाने के लिए 5 साल की गारंटी तो दिया गया है लेकिन अभी तक इस मार्ग में निर्माण का काम शुरू भी नहीं हुआ है

# सकल जैन समाज के तत्वाधान में 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय कमलचंद जैन (क्रांति मेडिकल स्टोर्स) की स्मृति में सकल जैन समाज के तत्वाधान में 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर सूजाक वाइब्रेशन एवं चुंबकीय शिविर का आयोजन 17 मई से 22 मई तक किया जा रहा है। यह शिविर जैन दादाबाड़ी दल्ली राजहरा में सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 तक एवं शाम 4:00 से रात्रि 8:00 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में जोधपुर राजस्थान से डॉक्टर वी.आर.चौधरी एवं थैरेपिस्ट डी. आर. जाखड़ उपस्थित रहेंगे। शिविर के रजिस्ट्रेशन के लिए क्रांति जैन (9425562001) से संपर्क किया जा सकता है शिविर में अधिकतम 200 मरीजों का इलाज किया जाएगा । यह पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर होगा। शिविर पूर्णतः निःशुल्क एवं सर्व समाज के लिए होगा। शिविर में पुराना सिर दर्द ,साइटिका, माइग्रेन, आंख, कान ,गले का रोग, लंबाई बढ़ाना, घुटने का दर्द, मोटापा,ब्लडप्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल का दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द ,लकवा, मस्सा, बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, हाथ पैरों में झुनझुनी आना आदि अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के एक्यूप्रेशर सूजाक विधि से किया जाएगा। प्रत्येक मरीज का हर रोज लगभग 15 से 20 मिनट इलाज किया जायेगा।

# नवोदय विद्यालय के 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्रों को कलेक्टर ने किया सम्मानित




पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सीबीएससी बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परिणाम सोमवार को घोषित हो गये है 7 कलेक्टर रणबीर शर्मा जवाहर नवोदय विद्यालय के जिला में सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम से लेकर पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर शुभकामनाएं ज्ञापित किया है। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, परिजनों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने सभी विद्यार्थियों से मिलकर उनके भविष्य की पढ़ाई के बारे में पूछा और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने को कहा। बता दें की जवाहर नवोदय विद्यालय की 12 वीं कक्षा में विद्यालय में युगलकिशोर देवांगन ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, योगेश कुमार सिन्हा 91 प्रतिशत द्वितीय, चेतन पटेल 89.80 प्रतिशत तृतीय, राजेश कुमार चेलक 88.60 प्रतिशत चतुर्थ एवं सूरज साहू 88 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में कक्षा 10 वीं में युवराज वर्मा द्वय ओम आयुष साहू ने 92.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुनाल देवांगन द्वय हुमेश साहू ने 90.40 प्रतिशत के साथ तृतीय एवं सुमित साहू ने 88.80 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।

# आचार सहिंता को प्रदेश में करें शिथिल : डॉ. निर्वाणी



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में लोकसभा के सभी ग्यारह सीटों में मतदान हो जाने के बाद राजनीतिक दलों और आम नागरिकों के बीच भाजपा और कांग्रेस को मिलने वाली सीटो पर कयास लगाए जा रहे हैं, इसी बीच भाजपा के डॉ सौरभ निर्वाणी ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में आचार सहिंता को शिथिल किये जाने की मांग रखी, डॉ निर्वाणी ने पत्र में लिखा कि राज्य में कृषि कार्य प्रारंभ हो चुके है, लोकसभा चुनाव के दौरान बेमेतरा जिले के कुछ गांवों में पेयजल और सड़क की समस्या को लेके मतदान बहिस्कार तक के नौबत आ गई थी, राज्य जिन कार्यो के टेंडर हो चुके हैं या प्रक्रिया ने है ऐसे कार्यों को प्रारंभ करने की अनुमति दी जा सकती है, ऐसे विकास कार्य जिसमे निर्वाचन आयोग को कोई आदर्श आचार सहिंता में कोई अड़चन न हो उसके लिए यह कदम उठाया जाना चाहिए, 7 चरणों के इस चुनाव के कारण लंबे समय से कार्य अवरुद्ध हैं वहीं छत्तीसगढ़ में आचार सहिंता में ढील देने से अन्य राज्यों के चुनाव में रत्ती मात्र का भी प्रभाव नही पड़ेगा बल्कि विकास की रुकी हुई रफ्तार में गति आएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस के आने वाली सीटो के लिए डॉ सौरभ निर्वाणी ने दावा करते हुए कहा है कि ट्रांसपोर्टरों से कोयला में 25 रुपये टन कमीशन की उगाही, राइस मिलरों से एडवांस 20 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की वसूली, शराब में नकली होलोग्राम के जरिये सैकड़ो करोड़ो की उगाही, सहित महादेव सट्टा ऐप के लोगो से प्रोटेक्सन मनी के खेल को राज्य की जनता अच्छे से समझ चुकी है, इस लिए कांग्रेस के लिए लोकसभा एक या एक भी नही वाली स्थिति में है,लोकसभा के बाद बहुत से कांग्रेस नेता नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने का मन बना कर बस इंतीजार कर रहे हैं। विधानसभा में अनजान गुमनाम चेहरों ने कांग्रेसी दिग्गजो को धूल चटा दिया ये छत्तीसगढ़ की सुधि जनता की ताकत का परिचायक है।

# निवेंद्र सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से डौंडीलोहारा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. लाल महेंद्र सिंह टेकाम एवं नीलिमा टेकाम के सुपुत्र विधानसभा समन्वयक युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने मुलाकात कर क्षेत्र की राजनीति गतिविधियों पर चर्चाएं की। साय ने युवराज निवेंद्र को क्षेत्र में सक्रिय रहने की सलाह दी। टेकाम ने नगर में उनके माता-पिता के विधायक कार्यकाल 2003 से उठाये गए मुद्दे पर नगर के खरखरा से पेयजल व्यवस्था बनाने पर हृदय से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। टेकाम के साथ मुख्य रूप से युवा नेता जयदीप गुप्ता, युवा नेता निखिल शर्मा, प्रणव साहू, अंगद टेकाम आदि शामिल रहे।

# जिले के सभी स्कूलों में होगा समर कैम्प का आयोजन

## जिला पंचायत सीईओ ने शिक्षा एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सफल आयोजन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### कराई जाएगी पेंटिंग, रंगोली, गायन, वादन, नृत्य आदि गतिविधियां

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के सभी स्कूलों में आगामी 20 से 31 मई तक अनिवार्य रूप से समर कैम्प का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। डॉ. कन्नौजे बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर, राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड स्रोत समन्वयक एवं संकुल समन्वयकों के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि स्कूली शिक्षा विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास सुनिश्चित करने हेतु समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को पेंटिंग, रंगोली, गायन, वादन, नृत्य आदि गतिविधियां कराई जायेगी। उन्होने कहा कि इस दौरान आयोजित रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन अंत्यन्त उपयोगी हो सकता है।

### 12 दिन आयोजित होगा समर कैंप

डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि समर कैम्प स्कूलों एवं गांव अथवा सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है। सीईओं जिला पंचायत ने समर कैम्प में कला एवं रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होने आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के उपायों के भी जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि इसके अलावा समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के पालकों एवं शाला विकास समिति का भी सहयोग लिया जा सकता है। डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि समर कैम्प का आयोजन 20 से 31 मई तक सुबह 7 से साढ़े 9 बजे तक आयोजित की जायेगी। बैठक में उन्होने जिन स्थानों पर एक ही परिसर में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तथा हायर सेकण्डरी स्कूल संचालित है ऐसी स्थानों को समर कैम्प के लिए चयनित करने के निर्देश भी दिए।

### आखिरी दिन जिला स्तरीय होगा आयोजन

डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि समर कैम्प के सफ्ल आयोजन हेतु संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य नोडल अधिकारी होंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिले में समर कैम्प के सफ्ल आयोजन हेतु सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं स्रोत समन्वयकों को दो दिनों के भीतर कार्य योजना बनाकर संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. संजय कन्नौजे ने ब्लॉक स्तरीय समर कैम्प के अलावा 31 मई को जिला स्तरीय समर कैम्प के आयोजन हेतु सभी तैयारियॉं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी को जिला एवं ब्लॉक स्तरीय आयोजन के दौरान चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को समर कैंप की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

# झारखण्ड प्रवास के दौरान गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में भावना बोहरा ने किया चुनाव प्रचार

### झारखण्ड की जनता भाजपा के साथ,गोड्डा लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 14 सीटों पर होगी जीत : भावना बोहरा



पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

झारखण्ड प्रदेश के गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के चुनाव प्रचार हेतु पार्टी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा को भारतीय जनता पार्टी ने गोड्डा लोकसभा प्रवासी प्रभारी का बड़ा दायित्व उन्हें दिया है। अपने दायित्व को पूरा करते हुएभावना बोहरा लगातार झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा अंतर्गत विभिन्न बूथों में लगातार कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता से संवाद कर रहीं हैं वहीं विभिन्न सामाजिक महिलाओं को भी एकजुट कर भाजपा के प्रकश में मतदान करने की अपील कर रहीं हैं।

झारखण्ड प्रवास के प्रथम दिन भावना बोहरा ने देवघर के धार्मिक स्थल बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ धाम में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ के समस्त निवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की और परिचात्मक बैठक में अन्य प्रावी विधायकों के साथ सम्मिलित होकर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के निवास में छत्तीसगढ़ से गए सभी प्रवासी विधायकों व नेता के साथ उन्होंने मुलाकात की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की। विदित हो कि भावना बोहरा लगातार बैठकें कर क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहीं हैं और जनता से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहीं हैं। वे लगातार महिलाओं,युवाओं को विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की योजनाओं व गारंटी के बारे में जानकारी दे रहीं हैं इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नीतियों व प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाए जाने व उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित योजनाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उठाये जा रहे कदम एवं किसानों के सर्वंगीण विकास हेतु लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के बारे में भी जनता के बीच भाजपा की रीती-नीति की जानकारी दे रहीं हैं।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि गोड्डा लोकसभा में जनसंपर्क के दौरान जिस तरह जनता का समर्थन व स्नेह मिल रहा है वह उत्साहित करने वाला है। जिस प्रकार छत्तीसगढ़ की जनता से मुझे स्नेह मिलता है उसी प्रकार झारखण्ड की जनता भी अपना भरपूर आशीष व समर्थन प्रदान कर रही हैं। यहां आकार बाबा वैद्यनाथ, बाबा बासुकीनाथ सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जिस प्रकार जनता में यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपना प्यार बरसा रही है और मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास प्रकट कर रही है मुझे पूर्ण विश्वास है की गोड्डा लोकसभा में चौथी बार भाजपा के प्रचंड जीत के साथ देशभर में हम अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को जरुर पूरा करेंगे। गोड्डा लोकसभा में मोदी सरकार के दौरान हुए कार्यों के प्रति जनता में भी अपार उत्साह और एक विश्वास है कि अगर झारखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर उसका कोई विकास कर सकता है तो वह पार्टी भाजपा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने भी विगत वर्षों में गोड्डा लोकसभा के लिए कई सराहनीय प्रयास व कार्य किये हैं, जिससे आमजनों को सुविधा मिल रही है। देवघर में एम्स व एअरपोर्ट की स्थापना, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ ही देवघर की डढ़वा और गोड्डा के कझिया नदी को नमामि गंगे प्रोजेक्ट में शामिल करना और देवघर सहित पूरे गोड्डा लोकसभा मेंरेल सुविधाओं के विस्तार जैसे अभूतपूर्व कार्य निशिकांत दुबे जी के प्रयासों से ही संभव हुए हैं। भावना बोहरा ने आगे कहा कि झारखण्ड में आकर आदिवासी समाज की संस्कृति व सभ्यता को नजदीक से देखने और जुड़ने का अवसर मिला जो मेरे लिए बहुत ही गर्व का विषय है। जल-जंगल और जमीन की सुरक्षा के साथ ही हमारे देश की परंपरा को आगे बढ़ाने में आदिवासी समाज के योगदान के प्रति प्रधानमंत्री जी ने हमेशा ही कृतज्ञता व्यक्त की है। भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद में आदिवासी समाज से आने वाली महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया है, वहीं हमारे छत्तीसगढ़ में भी विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाया है। भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पूरे देश में मनाने की शुरुआत कर प्रधानमंत्री ने आदिवासी समाज के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त किया है। आज गोड्डा लोकसभा में रेल सुविधा, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रहे विकास ने झारखण्ड को नई पहचान दी है इन सभी कार्यों के प्रति जनता में भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और हमें पूरा विश्वास है कि इस बार झारखण्ड की सभी 14 सीटों में भाजपा के विकास व सुशासन का कमल जरुर खिलेगा।

आपको बताते चलें की छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने लगातार राजनांदगांव लोकसभा सहित विभिन्न लोकसभा एवं खासकर अपने निर्वाचन क्षेत्र पंडरिया विधानसभा में लगातार जनसंपर्क करते हुए पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। नवरात्रि के उपवास के दौरान भी उन्होंने खाली पैर तपती धूप में पार्टी के प्रति अपने दायित्वों को पूरा किया जिसके फलस्वरुप पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए सातवें चरण में होने वाले झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में लोकसभा प्रवासी प्रभारी का दायित्व दिया है।

# भालू के हमले से फारेस्टकर्मी के मां की मौत, जंगल तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी वृद्धा

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com




धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों के साथ ही अब भालूओं की मौजूदगी देखी जा रही है। ऐसे में बुधवार की सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गई फारेस्टकर्मी की मां पर भालू ने एकाएक हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले की सूचना पर आगे की प्रक्रिया की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ वन मंडल में पदस्थ श्याम अगरिया की मां इंद्रोमोती अगरिया बुधवार की सुबह छाल रेंज के बोजिया जंगल तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी।

उसके साथ गांव की अन्य महिलाएं और ग्रामीण थे, सभी अलग अलग दिशाओं में तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे, तभी इंद्रोमोती का सामना एकाएक भालू से हो गया। जिसके बाद भालू ने उस पर हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले की सूचना वन अमला को दी गई। ऐसे में विभागीय अमला मौके पर पहुंचकर उसके परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि देते हुए आगे की कार्यवाही में जूट गया।

### हर साल होती है घटना

*बताया जा रहा है कि तेंदूपत्ता सीजन आते ही हर साल इस तरह की घटनाएं देखने को मिलती है। धरमजयगढ़ रेंज में साल भर हाथियों की मौजूदगी होती है। ऐसे में जंगल तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जाने वाले ग्रामीणों का कई बार हाथियों से भी सामना हो जाता है। इस बार भालू ने तेंदूपत्ता तोड़ रही वृद्धा पर हमला कर दिया। ऐसे में लोगों में अब भालू का भी भय देखा जा रहा है।*

भालू के हमले से वृद्धा की मौत हुई है। वह गांव के अन्य लोगों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई थी, तभी भालू ने उस पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही में जूट गया है।

**-अभिषेक जोगावत**
**डीएफओ, धरमजयगढ़ वन मंडल**

# तेज गर्मी के पश्चात् बादलों की आंख मिचौली के चलते गर्मी एवं उमस से लोग हो रहे परेशान

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में पिछ्ले दो-तीन दिनों से मौसम में परिवर्तन नजर आया। दोपहर में तेज धूप पश्चात शाम में आंधी-तूफान गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश से लोगो को ठण्डकता मिली। पिछ्ले दो-तीन दिनों से मौसम में लगातार परिवर्तन आ रहा है। तेज गर्मी के पश्चात बादलों की आंख मिचैली के चलते गर्मी एवं उमस से लोग परेशान हो रहे है। दो दिन पूर्व अक्षय तृतीया की शाम में तेज हवा व अंधड़ भी चला। इस दौरान जिले के कुछ हिस्सों में बारिश भी हुई। तापमान में कमी होने के कारण कुछ दिन लोगों को राहत मिली। बीच-बीच में बादल की आंख मिचौली के कारण उमस में वृद्धि हो गई है। बादलों की आवाजाही के चलते उमस बढ़ने के कारण पंखा, कूलर काम नहीं कर रहा है। इस दौरान जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी हुई। तापमान में कमी होने के कारण कुछ दिन लोगों को राहत मिली। पिछ्ले तीन दिनों से दिन भर तेज धूप फिर बादल और तापमान में परिवर्तन यही कुछ दिनों से देखने को मिल रहा है। रविवार को भी दोपहर में तेज धूप पश्चात शाम को 5 बजे से आंधी तूफान, गरज-चमक के साथ बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से लोग जहां के तहां रूक गये। बारिश बंद होने के पश्चात उमस से लोग परेशान होते रहे। दो दिन पूर्व हुई तेज अंधड़ के चलते क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में पेड़ गिर गये थे। जिससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई।



### विद्यालय में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92.81 प्रतिशत रहा

**मुंगेली।** बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य पीसी दिव्य ने बताया कि विद्यालय में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92.81 प्रतिशत रहा। हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम 95.76 प्रतिशत रहा। विद्यालय में 10वीं में 155 दर्ज विद्यार्थियों में से 153 ने परीक्षा दिलाई। जिसमें 142 उत्तीर्ण हुए, 9 अनुत्तीर्ण रहे, 4 पूरक रहे। 90 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 50 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी एवं 02 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी पर रहे। 12वीं में 261 दर्ज विद्यार्थियों में 260 ने परीक्षा दिलाई, जिसमें 249 उत्तीर्ण हुए, 6 अनुत्तीर्ण रहे। 5 विद्यार्थी पूरक आये।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में दशको तक सेवाएं देने वाले रामचंद्र थावाणी रामा भैया का हुआ निधन

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जांजगीर-चांपा क्षेत्र में कार्य करने वाले पूर्व जिला संघ चालक एवं पूज्य सिंधी पंचायत चाम्पा के वरिष्ठ सदस्य रामचंद्र थावानी रामा भैया का 15 मई 2024 दिन- बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार 16 मई 2024 दिन- गुरुवार को सुबह 10:00 बजे उनके निवास स्थान सदर बाजार चाम्पा से पुराना भैसा बाजार स्थित हसदेव नदी के तट पर सार्वजनिक मुक्ति धाम में किया जाएगा, रामचंद्र थावाणी रामा भैया के निधन के समाचार से जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शोक की लहर फैल गई तो वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी आरएसएस के पदाधिकारीयो ने दूरभाष के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा रामचंद्र थावाणी रामा भैया लगभग 50 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य देख रहे थे तथा उनकी पहचान एक कर्मठ स्वयंसेवक के रूप में थी तथा उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जांजगीर चाम्पा एवं शक्ति जिले के पूर्व जिला संघ चालक का भी जहां दायित्व का सफलतापूर्वक निरहन किया, तो वहीं संघ की गतिविधियों में वे सदैव अग्रणी होकर 24 घंटे अपनी सेवाएं देते थे तथा रामचंद्र थावाणी रामा भैया की इसी कर्मठता के चलते संघ के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी अपने चाम्पा प्रवास के दौरान उनसे मिलने जरूर पहुंचते थे एवं उनके निधन को संघ परिवार ने अपूरणीय क्षति बताते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, उल्लेखित हो कि रामा भैया एक मृदुभाषी, मिलनसार,प्रखर व्यक्तित्व के धनी थे तथा उनकी सक्रियता के चलते संघ परिवार उन्हें समय-समय पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी देता था एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूरे क्षेत्र में एक अभिभावक के रूप में वे कार्य करते थे तथा संघ का छोटा बड़ा कोई भी कार्य हो बिना उनसे पूछे नहीं किया जाता था एवं वे सदैव पूरी निष्ठा के साथ संघ परिवार को मजबूत करने की दिशा में अपना योगदान देते रहे, एवं वे पूज्य सिंधी पंचायत के भी वरिष्ठ होने के साथ ही सामाजिक गतिविधियों में भी काफी सक्रिय रहते थे एवं एक सफल व्यवसायी के रूप में भी उनकी पहचान थी।

# मारवाड़ी युवा मंच शाखा ने किया सेवा का कार्य 1000 राहगीरों को पिलाया आम का पानी एवं शरबत

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com




शक्ति की मारवाड़ी युवा मंच शाखा ने अपने जन सेवार्थ कार्यक्रमों की श्रृंखला में नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (साई कंप्यूटर) के नेतृत्व में 15 मई को शहर के अग्रसेन चौक में सुबह राहगीरों को आम का पानी एवं शरबत पिलाई, इस दौरान जहां करीब 1000 लोगों को इस सेवा का लाभ दिया गया, तो वहीं इस कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस थाना शक्ति के नगर निरीक्षक विवेक शर्मा, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ, तथा मारवाड़ी युवा मंच मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि मंच के राष्ट्रीय तथा प्रादेशिक कार्यक्रमों में जन सेवा कार्यक्रमों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की सेवा राहगीरों को शरबत की सेवा शामिल है, तथा इसी श्रृंखला में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, एवं आने वाले जून माह तक प्रत्येक सप्ताह बुधवार को अलग-अलग स्थान पर यह सेवा दी जाएगी,वही मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा की इस सेवा कार्य की जहां लोगों ने प्रशंसा की तो वहीं सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा एवं लोगों को बुला- बुलाकर शरबत पिलाई गई मारवाड़ी युवा मंच सक्ति शाखा के 15 मई को आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के संरक्षक हरिओम अग्रवाल, कन्हैया गोयल,महेंद्र जिंदल, पूर्व शाखा अध्यक्ष मानस अग्रवाल, मनीष कथूरिया, शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (साइ कंप्यूटर), अनिल सराफ़रवि अग्रवाल अशोका, राकेश अग्रवाल शांति पैलेस, प्रकाश चंद्र अग्रवाल ट्राली, चिराग अग्रवाल लल्ली,अमन गर्ग लगदातार ट्रेडिंग, रितेश अग्रवाल डी एम, अनुराग जिंदल भुरू सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे, इस दौरान शक्ति थाने के टी आई विवेक शर्मा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि राहगीरों को ठंडा पानी पिलाना बड़ा ही पुण्य का कार्य है, एवं वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्थाओं की यह पहल प्रशंशनीय है, एवं संस्थाएं इसी तरह से सेवा कार्यों को निरंतर गति देती रहे,वहीं मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा की बैठक 14 मई की रात्रि स्थानीय पापा ढाबा में संपन्न हुई जिसमें आगामी दिनों के लिए मंच द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा तैयार की गई है, इस बैठक में मंच के सदस्य अमन गर्ग लखदातार ट्रेडिंग कंपनी का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया तो वहीं मंच की ओर से उन्हें बधाई शुभकामनाएं भी दी गई इस बैठक में काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे तथा मंच द्वारा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए आने वाले जून माह तक प्रत्येक सप्ताह ठंडा पानी एवं शरबत का शिविर आयोजित करने तथा वर्ष भर प्रत्येक माह एक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है।

# खंडहर होता शासकीय भवन

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय पैसो का किस तरह से दुरूपयोग किया जाता है इसका उदारण है, रोहरा रोड पर करोड़ो रूपयो की लागत से बना शासकीय भवन आज खंडहर में तब्दील होते जा रहा है। एक ओर जहां शासकीय कार्यालयों के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है वहीं दूसरी ओर दशको बने शासकीय भवन का आबंटन एवं रखरखाव न होने से भवन खंडहर हो रहा है। राजनीतिक एवं प्रशासनिक उपेक्षाओं के चलते यह भवन अय्याशियो का अड्डा बनकर रह गया है। जिला बनने के बाद शासकीय जमीन की कमी एवं शासकीय भवनों के अभाव में आज भी कई कार्यालय किराये के भवनों में संचालित हो रहे है। आवास की कमी को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों का बदस्तुर दूसरे जिलो से आना-जाना जारी है। किंतु शासकीय भवनो की जुगत नही लगाई जा सकी। जबकि सैकड़ों एकड़ शासकीय जमीन के अलावा कई ऐसे शासकीय उपक्रमो के भवन खाली रहे जिनका उपयोग किया जा सकता था। ऐसा ही एक भवन सीएसईबी का है, जो रोहरा सब स्टेशन के कर्मचारियो एवं अधिकारियों के निवास के लिए बनाया गया था लेकिन दुर्भाग्यजनक बात यह रहा कि इस करोड़ो रुपए के नवनिर्मित आवास में एक भी अधिकारी एवं कर्मचारी निवास ही नही किये। यही कारण है कि यह भवन आज खंडहर में तब्दील हो गया। सीएसईबी द्वारा ग्राम रोहरा में बना आवासीय परिसर विभागीय अधिकारियों की लापवाही के चलते भष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। एक ओर जहां अधिकारी और कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने का आदेश जारी किया गया है। वही दूसरी तरफ भवनों की कमी, सरकारी आवासीय कालोनी मे मकान की कमी होने से अनेक कर्मचारियों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार करोड़ो की लागत से निर्मित मकान को आबंटन नही होने की वजह से अधिकांश मकान या तो क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या उनकी दीवारों में दरारें पड़ने लगी हैं।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड के जिला संघ द्वारा नगर में प्याऊ घर का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवं गाइड के जिला संघ द्वारा नगर में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। सदर बाजार में जैन मंदिर एवं कलेक्टोरेट कार्यालय करही में संचालित प्याऊ घर में सेवा देने वाले स्काउट के बच्चों एवं प्रभारी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हे प्रमाण पत्र वितरण जिला संघ मुंगेली के कोषाध्यक्ष जेठमल कोटड़िया, जिला संगठन आयुक्त रोहिणी ठाकुर, कौशल सोनी, राजेंद्र चंदेल के द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि बच्चों के द्वारा सेवा भाव से जल के महत्व को दर्शाते हुए सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम में सेवा देने वाले भारत स्काउट गाइड के छात्र कृश कुमार, किशन, सरस्वती, सिंघन, मीनाक्षी, प्रिया सिंह, नितेश चौहान, विनीता डाहिरे, आकांक्षा भास्कर आदि उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लाटरी संपन्न

- स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिक्तसीटों पर प्रवेश हेतु लाटरी संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में प्रवेश हेतु लाटरी 15/05/2024 को संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों हेतु पालकों तथा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के द्वारा पर्ची निकाल कर लाटरी किया गया।लाटरी के बाद चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया पूर्ण की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची सूचना पटल पर लाटरी उपरांत चस्पा कर दी गई है। बीपीएल उम्मीदवारों को नगरपालिका, जनपद कार्यालय से अपना सर्वेसूची कमांक सहित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। महतारी दुलार योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है। कक्षा 1 ली को छोड़कर अन्य कक्षाओं में प्रवेश हेतु पूर्व कक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना अनिवार्य होगा। कक्षा 1 ली में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना अनिवार्य निर्धारित किया गया था। लाटरी चयन समिति, स्कूल स्टाफ पालकगण एवं अन्य उपस्थित नागरिकगणों के बीच हुआ। किसी भी प्रकार से विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय का अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। समस्त प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। समस्त प्रक्रिया का विडियो ग्राफी कराया गया।

**प्रवेश के लिए कुल 138 छात्र-छात्राओं के द्वारा आनलाइन आवेदन किया , 75 बालक एवं 45 बालिका सहित 120 आवेदन प्रवेश के पात्र**

# कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से निकाली गई सूची

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में तहसीलदार चांपा पुलकित साहूजी, भोला सिंग ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी चांपा, प्राचार्य निखिल मसीह, प्रभारी प्राचार्य रमाकांत साव, उप प्राचार्य भास्कर शर्मा की उपस्थिति एवं प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी तथा अभिभावकों की विशेष उपस्थिति में शासन के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन फार्म के आधार पर कक्षा पहली (क्लास 01) के छात्र छात्राओं की लाटरी के माध्यम से सूची निकाली गई। प्रवेश के लिए कुल 138 छात्र छात्राओं के द्वारा आनलाइन आवेदन किया गया था। जिसमें 75 बालक एवं 45 बालिका सहित 120 आवेदन प्रवेश के पात्र पाए गए। जिसमें 24 बालिकाओं और 24 बालकों सहित कुल 48 छात्र छात्राओं का लाटरी के माध्यम से चयन किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर मंचासीन तहसीलदार चांपा एवं सीएमओ चांपा के द्वारा चयनित बच्चों एवं उपस्थित अभिभावकों को बधाई देते हुए छात्रों एवं संस्था की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य मसीह सर जी ने सभी चयनित बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से पुरी पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया के तहत् सूची तैयार की गई है।चयनित बच्चों की सूची एवं प्रवेश के लिए आवश्यक प्रमाण पत्रों की सूची सूचना बोर्ड में चस्पा कर दिया गया है।

आप सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों को शीघ्र बनवाकर निर्धारित तिथि तक कार्यलय में जमा करा दीजिए।प्रभारी प्राचार्य रमाकांत साव ने बताया कि सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की जांच एवं सत्यापन 15.05.2024 से 21.05.2024 तक सुबह 9.00 बजे से 12.00 बजे तक कार्यालय में किया जायेगा। अंतिम तिथि के पश्चात आने वाले बच्चों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि अंतिम तिथि के पूर्व अपने बच्चों के प्रमाण पत्र सत्यापन कराकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करा लेवें।शिक्षक रविंद्र द्विवेदी ने चयन प्रक्रिया में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं अभिभावकों छात्र छात्राओं को उनके उपस्थिति एवं प्रवेश प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर लाटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं में सेजेस विद्यालय के अजय अग्रवाल, रूपाली राठौर, नीलम चन्द्रा, सरोज देवांगन, कु. टिवंकल ताम्रकार, वर्षा तिवारी, निर्मला पटेल, कु. प्रतिभा जांगड़े, अंजलि यादव, विजय यादव, रंजीत, शिवकुमार सहित समस्त सेजेस स्टाफ़ कार्यालयीन स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बच्चों को साक्षर कर शिक्षक बनने मंशा व्यक्त की



**मुंगेली।** हायर सेकण्डरी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एसएलएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में खर्रीपारा निवासी मनोरमा सोनकर पिता मनोज सोनकर, माता ज्योति सोनकर ने 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त की। उन्होने बच्चों को साक्षर कर शिक्षक बनने मंशा व्यक्त की है।

# ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी आयुष, आर्यन एवं उमाशंकर का चयन हुआ

**मुंगेली।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मुंगेली के होनहार खिलाड़ी आयुष, आर्यन एवं उमाशंकर का चयन हुआ है। जिले के सॉफ्टबॉल खिलाड़ी आयुष ताम्रकार, आर्यन ताम्रकार एवं उमाशंकर साहू का चयन ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है यह प्रतियोगिता बंगलौर यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में 13 से 18 मई को आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश के लगभग 100 से अधिक विश्वविद्यालय भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं जिला कलेक्टर राहुल देव ने शुभकामनाएं देते हुए अच्छे प्रदर्शन की कामना की है।



# वेतन देने निगम के पास फंड नहीं, इधर कमीशनखोरी के चक्कर में धूल हटाने के लिए मंगा ली लाखों की मशीन

## विवाद होने के बाद अब मशीन लौटाने की तैयारी, दिल्ली से राजनांदगांव लाने का खर्च निगम पर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पिछले कुछ सालों से निगम की आर्थिक स्थिति कमजोर चल रही है। हालत यह है कि नगर निगम के कर्मचारियों को कभी दो तो कभी तीन से चार महीने के इंतजार पश्चात वेतन मिल रहा है। अभी भी कर्मचारियों को दो महीने का वेतन नहीं मिल पाया है। एक तरफ अपने कर्मचारियों को ही वेतन देने में फंड की कमी से जूझ रहे निगम द्वारा लगातार फिजूलखर्ची भी की जा रही है।

अब शहर की सड़कों से धूल हटाने के लिए निगम ने लाखों रुपये की दो स्वीपिंग मशीने मंगा ली है। दिल्ली से यह मशीन शहर पहुंच भी गई है। हालांकि विवाद उठता देख अब निगम के अफसर कह रहे हैं कि मशीनों को वापस किया जा रहा है,



लेकिन बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि कब और किसके कहने पर इन मशीनों की जरूरत निगम को लगी? वहीं सरकार बदलने के बाद शासन से इस आर्डर की अनुमति नहीं लिए जाने को लेकर भाजपा पार्षदों ने भी अब निगम प्रशासन को घेरना शुरू कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने साफ तौर पर कहा कि छह महीने पहले प्रदेश में सरकार का बदलाव हुआ है। जिसके बाद सभी पुराने टेंडर जिसमें कार्यप्रारंभ नहीं हुआ था, उसके लिए अनुमति लेने कहा गया था, परन्तु निगम ने इस खरीदी में सरकार से अनुमति नहीं ली है। इन दिनों नगर निगम भगवान भरोसे ही चल रहा है, जिस निगम सरकार ने आठ महीने पहले एमआईसी में प्रस्ताव पास कर स्वीमिंग मशीन का आर्डर दिया था। अब आठ महीने बाद दिल्ली से मशीन आने के बाद उसे वापस लौटाने की तैयारी कर ली गई है।

### निगम में कमीशन का खेला जारी



नगर निगम में कमीशन का खेल लगातार चल रहा है। निगम प्रशासन द्वारा 15 वें वित्त आयोग मद से 56 लाख की लागत से स्वीपिंग मशीन (धूल फांकने वाली मशीन) की खरीदी की गई है। जबकि 50 लाख की लागत से पहले खरीदे गई मशीन बिना किसी उपयोग के कंडम हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्वीपिंग मशीन से सफाई करने पर अधिक मात्रा में डीजल को खपत होती है। वहीं सफाई करने वाले ब्रश जल्द ही खराब से जाते हैं। इन्ही कारणों से पुरानी मशीन से सफाई नहीं की गई। अब निगम प्रशासन ने 56 लाख की लागत से फिर मशीनें मंगाई है। कमीशनखोरी के फेर में इस तरह के कार्यों को निगम प्रशासन द्वारा अंजाम दिया जा रहा है।

### गड्ढों से भरे सड़कों पर मशीन का चल पाना संभव ही नहीं

निगम द्वारा सड़कों को सफाई करने लाखों की लागत से फिर दो महीनों की खरीदी की गई है, लेकिन शहर की सड़कें मशीन से सफाई के लायक ही नहीं हैं । उच्च स्तर के डामर वाली सड़कों की सफाई मशीन से होती है। लेकिन यहां की हर जगह की सड़क घटिया स्तर की है और ऊबड़ खाबड़ है। वही हर जगह गड्ढे है। ऐसे में मशीन से सफाई संभव ही नहीं है। बावजूद इसके निगम द्वारा फिजूलखर्ची करते मशीनों की खरीदी की गई है।

### सफाई में हर माह एक करोड़ से अधिक खर्च, कमीशन भी तगड़ा

शहर में 51 वार्ड हैं। जिसमें से 28 वार्डों की सफाई व्यवस्था को ठेके पर दिया गया है । निगम में नियमित सफाई कर्मियों की संख्या 164 हैं। इन कर्मियों को हर माह 70 से 80 हजार वेतन में खर्च हो रहा है। वहीं ठेका कर्मियों की संख्या 309 है। इनके वेतन में हर माह 30 लाख और प्लेसमेंट में 113 कर्मी है। जिनके वेतन में 9 लाख खर्च हो रहा है। सफाई कर्मियों के वेतन में करोड़ से अधिक हर माह खर्च हो रहा है। बावजूद इसके सड़कों की सफाई के लिए 56 लाख की लागत से दो महीने मंगाई गई है। जिसमें डीजल भरने खरीदी में हर माह फिर लाखों रुपए फूंके जायेंगे।

## मोबाइल-आधार कार्ड छीनने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ क्षेत्र में एक साइकिल सवार युवती को धक्का देकर गिराने और उसका मोबाइल व आधार कार्ड छीनने वाले फरार दो आरोपी में से एक आरोपी को पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की है।

इससे पहले एक आरोपी को पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की। इस तरह मोबाइल लूट करने वाले तीन में दो आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा है। जबकि एक आरोपी अब भी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कुरूभाठ निवासी भूमिका जाम्बुलकर द्वारा 11 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 मई को दोपहर 12.30 बजे साइकिल में डोंगरगढ़ से घर जा रही थी। रास्ते में सामने



की ओर से आ रही एक मोटर साइकिल में तीन बदमाश पास आकर लडक़ी को साइकिल सहित धक्का देकर गिरा दिए और उसके मोबाइल फोन और आधार कार्ड को लूटकर फरार हो गए थे। प्रकरण के एक अन्य फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

## स्टॉक मार्केट धोखाधड़ी, नांदगांव का युवक महाराष्ट्र में पकड़ाया

### दुर्ग- जांजगीर से भी युवक पकड़ाए ,एक को पूछताछ के बाद छोड़ा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्टॉक मार्केटिंग के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में महाराष्ट्र के अमरावती पुलिस ने राजनांदगांव समेत दुर्ग, जांजगीर से कुछ युवकों को हिरासत में लिया है। जिसमें राजनांदगांव के एक युवक की गिरफ्तारी की पुष्टि हुई है। फोर्थ इंडियन स्टॉक मार्केट एनालिसिस एंड लर्निंग ग्रुप द्वारा अमरावती के रहने वाले एक व्यक्ति से 35 लाख रुपए ठगी की गई है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के मुताबिक 5 माह पहले अमरावती जिले के पतरवाड़ा के आशीष महादेव ने फोर्थ इंडियन स्टॉक मार्केट एनालिसिस एंड लर्निंग ग्रुप के साथ जुडक़र पूरी गतिविधियों को बखूबी समझा। विश्वास होने के बाद




पीड़ित को ग्रुप की ओर से एक लिंक भेजा गया। जिसमें उनका लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाया गया। इस पासवर्ड के जरिये पहली बार 8 जनवरी 2024 को शिकायतकर्ता ने ग्रुप से ट्रेड खरीदा। जिसमें उसे फायदा नजर आया। इसके बाद कई बार उन्होंने ट्रैक की खरीदी की। उक्त समूह में दिखाए गए शेयर के आधार पर उन्होंने पूरे विश्वास के साथ खरीदी की।

इस बीच समूह के एक व्यक्ति दिगंत अवस्थी के खाते में पीड़ित ने 31 लाख 35 हजार रुपए के शेयर खरीदे और अचानक शेयर में गिरावट नजर आई। जिसके चलते शिकायतकर्ता ने रिफंड मांगना शुरू किया। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने शिकायत के बाद राजनांदगांव पहुंचकर दिगंत अवस्थी के अलावा एक अन्य युवक को भी हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि दूसरे युवक को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। वहीं अमरावती पुलिस ने दुर्ग और जांजगीर से भी कुछ युवकों को हिरासत में लिया है।

## संस्कृति गौतम का सुयश, 12वीं बोर्ड में मिले 90 प्रतिशत अंक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की सुपुत्री कु. संस्कृति गौतम ने 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में कॉमर्स विषय में 90 प्रतिशत अंक लाकर द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल रायपुर सहित पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है। संस्कृति शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। साथ ही मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट की डिग्री के



साथ राष्ट्रीय स्तर पर उसने मेडल भी अर्जित किया है। इसके पूर्व भी संस्कृति के बड़े भाई संकल्प गौतम ने 12वीं सीबीएसई कॉमर्स में डीपीएस, राजनांदगांव में प्रथम स्थान किया था।

### जिले में आयोजित 30 शिविरों में 580 आवेदन निराकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी तहसीलों में राजस्व शिविर का आयोजन होना चाहिए। जनसामान्य को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दिक्क त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो खाता विभाजन करना चाहते हैं, उनकी सहमति से खाता विभाजन करा दें, ताकि उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में तकनीकी दिक्क त नहीं आयें। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी निर्धारित दिनों में मुख्यालय में उपस्थिता रहना सुनिश्चित करेंगें। उल्लेखनीय जिले में आयोजित कुल 30 राजस्व शिविरों में 887 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 580 आवेदन निराकृत किया गया है।

## धर्म आपको वह देता है जो पैसा नहीं दे सकता-सुधाकर मुनि



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि धर्म आपको वह देता है, जो पैसा नहीं दे सकता। धर्म हमें सुख, समृद्धि व शांति दे सकता है, किंतु पैसा सब कुछ नहीं दे सकता। धर्म हमें जीने की कला सिखाता है। दुनिया में चार चीजें परम दुर्लभ है। पहला मनुष्य जन्म की प्राप्ति, दूसरा धार्मिक ज्ञान सुनने को मिलना तीसरा श्रद्धा और चौथा पराक्रम करना। तेरापंथ भवन में अपने नियमित प्रवचन में मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है, इसे प्राप्त करने देवी-देवता भी तरसते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्लभ चीजों में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, धार्मिक ज्ञान सुनने को मिलना। यह हर किसी को नसीब नहीं होता। पुण्योदय होता है, तब कहीं इसका मौका हमें मिलता है। सुनने का लाभ तभी है, जब हम उस पर श्रद्धा करें और पराक्रम करें। मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि दृष्टि दो प्रकार की होती है, पहला सम्यक दृष्टि और दूसरा मिथ्या दृष्टि। सम्यक दृष्टि अर्थात यथार्थ का ज्ञान होना, जो जैसा है उसका वैसा ही स्वरूप दिखाना। उन्होंने कहा कि आप धर्म और आत्मा की शुद्धि को आधार न मानकर निर्जरा को माध्यम मानकर सेवा करें।

## नगर के दाऊ परिवार के वरिष्ठ सदस्य का देहावसान बेहद अनुशासन प्रिय थे रिटायर्ड शिक्षक एचडी वैष्णव

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के प्रतिष्ठित दाऊ परिवार के वरिष्ठ सदस्य, स्व.दाऊ बिहारी दास वैष्णव के दामाद व रिटायर्ड शिक्षक हीरेन्द्र दास वैष्णव का 15 मई बुधवार को देहावसान हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थे। भिलाई स्थित हॉस्पिटल में उपचाररत थे। तड़के 4 बजे उन्होंने अंतिम साँसे ली। स्व दाऊ की अपरान्ह 4 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में अंत्येष्टि की गई। उल्लेखनीय है कि नगर में एक शिक्षक बतौर एचडी वैष्णव अपने शिक्षकीय



सेवाकाल दरम्यान विद्यार्थियों के मध्य बेहद अनुशाषित शिक्षक की छवि रखते थे। वे जामसरार के मालगुजार रहे स्व दाऊ बिहारी दास वैष्णव के दामाद थे। वे पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोरमा वैष्णव के पति थे। पुर्व जिपं सभापति सँतोष वैष्णव, पार्षद सतीष वैष्णव, कृषक सुनील वैष्णव एवं सहायक कृषि विस्तार अधिकारी संदीप वैष्णव के पिता थे। स्व दाऊ अपना भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए। नगर के दाऊ परिवार के स्व एचडी वैष्णव के देहावसान की खबर से नगर में शोक व्याप्त हो गया। स्व दाऊ की अंतिम यात्रा निजनिवास से अपरान्ह 4 बजे निकाली गई। मुक्तिधाम में मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र ने दी। अंतिम यात्रा में परिजनों व समाज के अलावा जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा जगत के अनेक शिक्षकगण सहित नगरवासी सम्मिलित हुए।

### चार्टेट एकाउंटेंट के ऑफिस से 3 लाख नगद व दो लाख के सोने के सिक्के पार

**राजनांदगांव।** शहर के बसंतपुर के वीआईपी रोड स्थित चार्टड एकाउंटेंड के ऑफिस में लाखों रुपए नगदी समेत सोने के सिक्के चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने चार्टड एकाउंटेंड (सीए) के आफिस में रखे नगद और सोने के सिक्के को पार कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक बसंतपुर स्थित वीआईवी रोड में संदेश गोलछा नामक चार्टड एकाउंटेंड ऑफिस और घर स्थित है। 11 मई को रोज की तरह चार्टड एकाउंटेंड के स्टॉफ ने ऑफिस बंद किया। अगले दिन 12 मई रविवार होने के कारण ऑफिस बंद था। सोमवार को ऑफिस खोलने के बाद चोरी की जानकारी मिली। कार्यालय के अंदर जाकर देखा तो वेंटिलेशन का कांच टूटकर बिखरा हुआ मिला। आफिस स्टॉफ ने सीए को जानकारी दी। ऑफिस के अंदर जांच करने पर दो लाख 97 हजार गायब थे। वहीं आलमारी में रखे 10-10 ग्राम के तीन सोने के सिक्के समेत कुल 36 ग्राम सोने का सिक्के की भी चोरी होने का पता चला। जिसकी कीमत 2 लाख रुपए बताई गई।

### जिला पंचायत सीईओ ने मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में ली बैठक

## भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर की गई विस्तृत चर्चा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सभी तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ द्वारा ग्राम पंचायतों में भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में घटते जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत का भू-जल संवर्धन मैप तैयार किया गया तथा अब तक किये गये कार्यों एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्यों को प्रस्तावित कर भू-जल संरक्षण कार्ययोजना तैयार की गई। जिले में घटते भू-जल स्तर पर



विशेष ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों में भू-जल संरक्षण कार्ययोजना के तहत वर्षा के जल को गांव में रोकने तथा भू-जल को वृद्धि के लिए संरचनाएं प्रस्तावित की जा रही है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम पानी की समस्या तथा जीआईएस सर्वे के आधार पर लिनियामेंट फ्रैक्चर जोन चिन्हांकित वाले ग्राम पंचायतों में मिनी परकोलेशन टैंक, स्ट्रैगर ट्रेंच तथा नालों में एलबीसीडी गैबियन जैसी संरचनाएं निर्मित कर अधिक से अधिक जल को भूमि के रिचार्ज करने का प्रयास किया जा रहा है।

## गुण्डा-बदमाश संतोष झा का हुआ जिलाबदर

### सीमावर्ती जिले की सीमाओं से एक वर्ष की अवधि तक बाहर

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा गुण्डा बदमाश संतोष झा के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार संतोष झा आत्मज बिलट झा उम्र 47 वर्ष निवासी चौहान टाउन, ए-2/24 जुनवानी भिलाई दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद एवं धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर हटने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है। साथ ही बदमाश संतोष को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश निषिद्ध होगा। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के विरूद्ध थाना दुर्ग में मार-पीट, लोगों को गंदी-गंदी गाली-गलौच कर लोगों को जान से मारने की धमकी देना एवं आसमाजिक तत्वों के साथ मिलकर मोहल्ले में अशांति व अव्यवस्था फैलाने के संबंध में कई अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है, फिर भी उसके अपराध में कोई कमी नहीं आई है। आरोपी को न्यायालय द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने पर उसके द्वारा जिला बदर प्रकरण से मुक्त किये जाने का निवेदन किया गया। जिस पर बदमाश संतोष को अभियोजन साक्ष्यों के प्रतिरक्षण का अवसर प्रदान किये जाने के बाद उसके द्वारा प्रकरण सुनवाई तिथियों में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उसके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर उसका पक्ष समर्थन का अवसर समाप्त किया गया।

# जशपुर पुलिस ने 100 दिनों में 127 गुम व्यक्तियों को ढूंढकर परिजनों से मिलाया

## एसपी शशि मोहन ने सैंकड़ों व्यक्तियों के परिजनों के चेहरे पर लाया मुस्कान

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने जशपुर जिले का कार्यभार लेते ही जिले के गुम इंसानों की अत्यधिक संख्या पर चिंता जताई एवं उन्हें ढूंढने एवं बरामदगी कार्यवाही के लिए जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों की मीटिंग लेकर गुम इंसानों की डाटाबेस तैयार किया गया। गुम इंसानों को ढूंढने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों का गठन करते हुये सायबर सेल को भी पतासाजी के लिए लगाया गया।

### 89 महिलाएं बरामद

गुम इंसान पतासाजी एवं बरामदगी अभियान के तहत् विगत 03 माह में ही अभियान चलाकर जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्र के कुल 127 गुम इंसान में महिला-89, पुरूष-14, बालक-05 एवं बालिका-19 थे उनकी पतासाजी उपरांत बरामद कर उनके परिजनों/वारिसानों के सुपूर्द किया गया। गुम इंसान दस्तयाबी की कार्यवाही आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगी। जिला पुलिस टीम द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के जिला रायगढ़, सरगुजा, बिलासपुर एवं झारखंड, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र प्रांत में जाकर दस्तयाबी कार्यवाही किया गया। साथ ही विभिन्न रेल्वे स्टेशन एवं विभिन्न ग्रामों से भी गुम इंसानों की पतासाजी कर बरामदगी कार्यवाही की गई है। गुम इंसान के संबंध में पता-तलाश एवं जानकारी लेने हेतु जिले के साईबर सेल द्वारा लगभग एक हजार मोबाईल नंबर का विवरण प्राप्त कर विश्लेषण किया गया।

### केस - 1

बगीचा पुलिस अनुविभाग क्षेत्र के एक पिता ने कलेक्टर जशपुर को सूचना दिया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री जो कुनकुरी क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा 8 वीं में पढ़ाई करती है, स्कूल से कुछ दिनों की छुट्टी मिलने पर पुत्री अपने घर आई थी, फिर मेहमानी में कुसमी (जिला बलरामपुर) में गई, वहां से गुम हो गई है। इसी दौरान पता चला कि उसकी एक करीबी महिला ने उस बालिका को दिल्ली घुमाने का लालच देकर अपने साथ दिल्ली ले गई है। कलेक्टर जशपुर द्वारा इस संबंध में स्वंय रूची लेकर इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक जशपुर को दिया गया एवं तत्काल पुलिस चैकी पण्डरापाठ से 03 कर्मचारियों की एक टीम बनाकर दिल्ली रवाना किया गया, टीम द्वारा पतासाजी करने के उपरांत उक्त बालिका को दिल्ली के राजेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि कुसमी में मेहमानी आने के दौरान उसकी एक करीबी महिला ने उसे दिल्ली घुमाने का लालच देकर अपने साथ दिल्ली ले जाकर 02-03 दिनों तक अपने साथ घुमाई एवं एक जगह छोड़ दी थी। बालिका को वहां ठीक नहीं लगने पर उस जगह से निकलकर दिल्ली में भटक रही थी, जिसको थाना राजेन्द्रनगर दिल्ली तथा चाईल्ड लाईन दिल्ली की मद्द से बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

### केस -2

बगीचा पुलिस अनुविभाग क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने माता-पिता के रोज शराब पीने से परेशान थी एवं आर्थिक रूप से कमजोर थी, उक्त लड़की बगीचा बाजार में अपनी एक सहेली की बड़ी बहन के साथ मिली थी जिसे अपनी पारिवारिक व्यथा एवं परेशानियों को बताई थी, सहेली की बड़ी बहन जो कहीं कार्य करती है, वह अपने साथ उक्त नाबालिग लड़की को ले गई। लड़की के कहीं चले जाने से परिजन काफी परेशान थे एवं थाना में जाकर सूचना दिये, पुलिस द्वारा तकनीकी रूप से पतासाजी करने के दौरान उक्त नाबालिग का देहरादून (उत्तराखंड) में मौजूद होना पता चला। पुलिस द्वारा उससे संपर्क करने पर बताई कि देहरादून आने के पश्चात् बीमार हो गई थी, जिसे पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.04.2024 को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

### केस -3

थाना बगीचा क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती दिनांक 14.03.2024 को अपने घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गई, उक्त लड़की को परिजनों द्वारा आस-पास, रिष्तेदारी में काफी दिनों तक पता-तलाश किया गया, पता नहीं चला। परिजनों द्वारा दिनांक 06.04.2024 को थाना बगीचा जाकर गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया गया, पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना एवं सायबर सेल के सहयोग से उक्त युवती को दिनांक 12.05.2024 को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

### केस - 4

थाना सन्ना क्षेत्र के एक ग्राम में निवासरत एक व्यक्ति ने दिनांक 25.08.2023 को चैकी सोनक्यारी में सूचना दिया कि उसकी 17 वर्ष 09 माह की नाबालिग पुत्री बिना बताये घर से कहीं चली गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान एवं धारा 363 भा.द.वि. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सायबर सेल के सहयोग से अपहृता का लोकेशन कसौली जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) में मिलने पर पुलिस टीम को रवाना कर वहां से दिनांक 05.02.2024 को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया।

### केस - 5

थाना पत्थलगांव क्षेत्र का एक प्रार्थी ने दिनांक 06.04.2024 को थाना में सूचना दिया कि इसकी 34 वर्षीय पुत्री बिना बताये घर से कहीं चली गई है, आस-पड़ोस, रिष्तेदारों में पता-तलाश किये, पता नहीं चला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सायबर सेल के सहयोग से गुम इंसान का लोकेशन कारेगांव पुणे (महाराष्ट्र) में मिलने पर पुलिस टीम को रवाना कर वहां से दिनांक 20.04.2024 को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। गुम इंसान ने पूछताछ में किसी प्रकार का अपराधिक घटना का घटित नहीं होना बताया है।

### केस -6

कुनकुरी पुलिस अनुविभाग क्षेत्र के क्षेत्र का प्रार्थी उम्र 65 वर्षीय ने दिनांक 18.04.2024 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके नाती के 02 नाबालिग बालिका एवं 01 नाबालिग बालक दिनांक 12.04.2024 से घर से गायब थे, उक्त तीनों नाबालिग बच्चों को बीते दिवस पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। पुलिस जॉच विवेचना में उनके निकट रिष्तेदार एक महिला द्वारा योजनाबद्ध तरीके से उक्त तीनों बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ घर में बिना किसी को बताये ले जाना पाया गया एवं दोनों बच्चियों को शादी करा दूंगी कहकर बालक सहित अपने सहेली नीलू उर्फ ठुनी उर्फ निर्मला नायक निवासी छतरपुर (मध्य प्रदेश) को सौंप दी थी। निकट रिश्तेदार ने बच्चियों की शादी कराने के लिये 03 लाख में सौदा कर ली थी जिसका एडवांश वह 20 हजार ले चुकी थी, 10 हजार रू. खर्च हो गये एवं शेष नगदी 10 हजार रू. नगद, स्कूटी वाहन एवं 01 नग मोबाईल को पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। पुलिस द्वारा निकट रिश्तेदार महिला उम्र 35 साल को धारा 363, 365, 366(क), 368, 120(बी), 370 भा.द.सं. के अंतर्गत दिनांक 20.04.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

> इस अभियान में उल्लेखनीय सफलता दिलाने वाले विशेष टीम को पुरस्कृत किया गया है। सभी थाना/चौकी प्रभारियों को गुम इंसान की रिपोर्ट आने पर तत्काल पतासाजी करने के लिए निर्देषित किया है, गुम इंसान दस्तयाबी की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव ने जशपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रगतिरत जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया

## अधिकारियों, ठेकेदारों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद केसर अब्दुल हक ने जशपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रगतिरत जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम इचकेला, दुलदुला, लोधमा, बगिया, पमशाला, लावाकेरा, चिरईडाड के प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। सचिव मोहम्मद केसर अब्दुल ने उपस्थित अधिकारियों, ठेकेदारों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम इचकेला में जल जीवन मिशन के कार्यों में से गुणवत्ता विहीन कार्य को तत्काल तोड़कर नए सिरे से कार्य करने हेतु ठेकेदार को निर्देश दिए एवं भविष्य में कहीं भी गुणवत्ता विहीन कार्य कार्य पाए जाने की स्थिति पर ऐसे ठेकेदारों एवं विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला जशपुर में 2 लाख घरों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल प्रदाय करने का कार्य विभिन्न ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है अब तक जिले में लगभग 140000 घरेलू कनेक्शन का कार्य किया गया है जिसमें से 52000 में जल प्रदाय प्रारंभ कर दिए गए हैं शेष शीघ्र जलप्रदाय प्रारंभ करने के कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सचिव मोहम्मद केसर अब्दुल हक ने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ईएनसी एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जुआ खेलते 05 जुआडियानो से नगदी 11,650 रूपये जप्त

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।जिसके तहत 13.05.2024 को चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत डीहपारा तालाब पार खेत किनारे आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर चौकी देवकर पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 05 जुआडियानो 1. महेश साहू उम्र 32 साल 2. राकेश श्रीवास उम्र 29 साल 3. रिंकु सिन्हा उम्र 21 साल 4. राजू साहू उम्र 23 साल 5. मनीष साहू उम्र 30 साल सभी साकिनान डीहपारा देवकर पुलि चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं।

# डॉ विवेक ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज करके बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

**धमतर्री।** विगत 21 अप्रैल 2024 को दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में ऑफिसियल गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया गया जिसमें डेंटिस्ट्री का लार्जेस्ट लेसन आयोजित किया गया था । 1100 से अधिक डेंटिस्ट एक साथ साईंस लिफ्ट प्रोसीजर को डेंटियम इंप्लांट के फाउंडर साउथ कोरिया के डॉ एस चुंग के साथ देशभर के 50 key opinion leaders के अंडर परफॉर्म किया। डॉ चुंग ने डिजिटल डेंटिस्ट्री एवं साईंस सर्जरी मिनिमलिज्म में व्याख्यान दिया। छत्तीसगढ़ से प्रख्यात इंप्लांट सर्जन डॉ विवेक लाट एवं डॉ वैभव तिवारी ने रिकॉर्ड बनाने में अपना योगदान दिया इसी के साथ दोनों छत्तीसगढ़ से पहले डेंटल इंप्लांट सर्जन्स बन गये जिनके नाम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हुआ।

# एसआईएस लि द्वारा जिले में भर्ती शिविर का आयोजन 15 मई से 05 जून तक

- शिविर में 400 सुरक्षा जवान, 25 सी0 आई0 टी0 एवं 200 सुरक्षा अधिकारी का किया जाएगा भर्ती

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एस. आई. एस. लि. द्वारा जशपुर जिले में 15 मई 2024 से 05 जून 2024 तक भर्ती की जायेगी। इनमें 15 एवं 16 मई को जनपद पंचायत, फरसाबहार 17 एवं 18 मई को पत्थलगांव, 20 एवं 21 मई को कांसाबेल, 22 एवं 23 मई को बगीचा, 24 एवं 25 को मई कुनकुरी, 27 एवं 28 मई को दुलदुला 29 एवं 30 मई को मनोरा, 31 मई एवं 01 जून को जशपुर जनपद पंचायत परिसर एवं 02 जून से 06 जून 2024 को जिला परियोजना लाईबलीहुड कॉलेज, डोड़काचौरा जशपुर परिसर में भर्ती शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला परियोजना लाईबलीहुड कॉलेज से प्राप्त जानकारी अनुसार भर्ती शिविर में 400 सुरक्षा जवान, 25 सी0 आई0 टी0 एवं 200 सुरक्षा अधिकारी का चयन एसआईएस के द्वारा किया जायेगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को एसआईएस के 22 ट्रेनिंग सेन्टरों में से एक प्रशिक्षण केन्द्र लाईबलीहुड कॉलेज जशपुर में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा जिसमें पी0 टी0, डील, डील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा भी0 आई0 पी0 सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादी का प्रशिक्षण प्रदान करके एसआईएस लिमिटेड में नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। भर्ती शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए कमांडेंट, कुमार शिवेन्द्र ने बताया की भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, उम्र 19 वर्ष से 40 वर्ष, योग्यता 10वीं पास या फेल, लम्बाई 168 से. मी. वजन 56 से 100 किलो तक की होनी चाहिए साथ ही भर्ती अधिकारी ने बताया कि एसआईएस द्वारा देश भर में अनेक प्रकार के पाठयक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए प्रथम बार एसआईएस द्वारा रोजगार पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत एसआईएस न्यू दिल्ली द्वारा जिलेवार बेरोजगार नवयुवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। नवयुवकों को चयन किया जायेगा भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदण्ड एवं लिखित परीक्षा लिया जाएगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जायेगा प्रशिक्षण के उपरान्त सभी जवानों को एस. आई. एस. लि0 जो आई0 एस0 ओ0 90015 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।

# थिएटर वर्कशॉप में रंगमंच के बारीकियों से हो रहे रूबरू, 40 युवा को तैयार करने 10 प्रशिक्षक प्रतिदिन कर रहे कडी परिश्रम

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप व अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन के संयुक्त आयोजन में 10 दिवसीय ग्रीष्म कालीन थिएटर कार्यशाला का पांचवा दिन संपन्न हुआ। इस पांच दिन में लगातार दिन भर के सत्र में रंगमंच के विभिन्न आयामों पर काम करते हुए युवाओ ने अभिनय तथा आवाज की बारीकियों को समझा । इस दौरान स्टोरी, स्क्रिप्ट , वेशभूषा, संवाद, म्यूजिक और अभिनय के संदर्भ और महत्व व उपयोग पर विस्तार से चर्चा व अभ्यास किये जा रहे हैं। इसके लिए विभिन्न अभ्यास सत्र आयोजित किया गया । सभी अभ्यार्थियों को चार समूहों में बाटा गया है तथा विविध सामाजिक समस्या पर आधारित विषयों पर नाटकों तैयार करने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। जिसके लिए एक एक मेंटर थिएटर के जानकार इन ग्रुप के सदस्यों को बारीकियों को सिखाते हुए मदद कर रहे है । इन सभी चार सामाजिक विषयों के नाटकों का मंचन कार्यशाला के अंतिम दिन 18 मई 2024 को 2:30 से 5 बजे के मध्य मंचन होगा। सभी नाटक आकाश गिरी गौतम, सोहन, आशीष, सोमनाथ, मुकेश, देवेंद्र, गुलशन, पुष्कर सुनील व नरेन्द्र के मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण ले रहे युवाओं में इन नाटकों के मंचन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस कार्यशाला में धमतरी शहर, ग्रामीण ,कुरूद और नगरी ब्लॉक से यूथ शामिल हुए है। कार्यशाला के बाद प्रशिक्षित युवा अपने गांव ,कॉलेज और क्षेत्र में विविध अवसर पर विविध सामाजिक विषयों पर नाटक तैयार कर प्रस्तुत कर रहे होंगे।

# राइस मिलर्स से एक सप्ताह के भीतर शेष धान का उठाव कराये : कलेक्टर शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर रणबीर शर्मा ने यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 मे उपर्जित धान के त्वरित उठाव एवं कस्टम मिलिंग के चावल जमा के संबंध में जिले के राईस मिलर्स और खाद्य अधिकारीयों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही कस्टम मिलिंग और धान उठाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की और धान उपार्जन केन्द्रों व धान संग्रहण केंद्र से धान उठाव में आने वाली दिक्कतों से अवगत होकर सभी परेशानियों को दूर करने अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक मे खाद्य अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा भी की। कलेक्टर शर्मा ने जिले के सभी राईस मिलर्स को शीघ्र ही धान उपार्जन केंद्रों से बचे हुये शेष धान की उठाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस वितरण कार्य, चावल भंडारण की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में एफसीआई एवं नान में चावल जमा करने की समीक्षा की एवं समय में चावल जमा करने के निर्देश दिए। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2023-24 में 934686.। मेट्रिक की टन धान की खरीदी हुई है। जिसमें 889729 मेट्रिक टन डीओ जारी किया गया एवं डीओ के विरुद्ध 882462 मिट्रिक टन धान का उठाव हो चूका हैं, बाकी शेष है। 7 हजार 262 मेट्रिक टन का उठाव शेष हैं।

## भारी मालवाहक वाहनों के लिए निर्धारित किया गया वैकल्पिक मार्ग

# कथा वाचक पं.प्रदीप मिश्रा के श्री शिव महापुराण कथा वाचन कार्यक्रम हेतु मार्ग व्यवस्था एंव जारी की गई एडवाइजरी

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार 16 मई से 22 मई 2024 तक कथा वाचक पंडित श्री प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले का कार्यक्रम नियत है। कार्यक्रम में यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से 16 मई से 22 मई 2024 तक प्रातः 11 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक ग्राम भरदा भारतमाला ओवरब्रीज पूल से ग्राम भरदा चौक तक सभी प्रकार की वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। 16 मई से 22 मई 2024 तक भारी वाहन के लिए राजिम कठोली से कुरूद धमतरी की ओर धमतरी कुरूद से राजिम की ओर एवं मगरलोड से कुरूद धमतरी की ओर एंव कुरूद धमतरी से मगरलोड की ओर आने जाने वाले सभी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है जिसमें-ड्राईवर्सन रूट- राजिम नवापारा कठोली से भारी बडी वाहन गोजी आलेखूटा कोडेबोड होकर धमतरी एंव रायपुर की ओर जावेगी, धमतरी रायपुर की ओर से राजिम जाने वाले भारी वाहन कोडेबोड आलेखुटा गोजी होकर राजिम नवापारा की ओर जावेगी, मगरलोड मेघा की ओर से आने वाले भारी वाहन गाडाडीह परखंदा सिरसिदा मौरीखुर्द होकर नारी गोजी की ओर से कुरूद रायपुर की ओर जावेगी, राजिम मगरलोड की ओर से आने वाले भारी वाहन मोंहदी, सरगी, सोनेवारा,भोथा, बोरसी होते हुए सलोनी, जंवरगांव, मथुराडीह मोंड़ से भोयना होते धमतरी जायेगें, राजिम नवापारा कठोली से होकर छोटी चारपहिया दोपहिया वाहन मौरीखुर्द से सिरीं परखंदा गाड़ाडीह होकर उमरदा से कुरूद कालेज होकर कुरूद धमतरी की ओर जावेगी।, धमतरी कुरूद की ओर से मगरलोड राजिम जाने हेतु कुरूद कालेज से होकर नहर मार्ग से होते हुये उमरदा से गाडाडीह परसवानी मेघा होकर राजिम नवापारा की ओर जावेगी। पार्किंग व्यवस्था- महासमुंद राजिम, नवापारा की ओर आने वाले श्रद्धालुओं एंव व्हीआईपी के लिए पार्किंग व्यवस्था एवं रूट व्यवस्था नवापारा, कठोली, नारी, कुहकुहा, दहदहा की ओर आकर ग्राम भरदा भारतमाला ओवरब्रीज पूल के बाये ओर में अपनी वाहन पार्क करेगें, एंव व्हीआईपी वाहन भारतमाला ओवरब्रीज के आगे 100 मीटर दाहिने ओर अपनी वाहन में पार्क करेगेंए वापसी के दौरान भी उसी रूट में गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगें। गरियाबंद नगरी सिहावा मगरलोड की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं एंव व्हीआईपी के लिए पार्किंग व्यवस्था एंव रूट व्यवस्था मेघा परसवानी गाडाडीह से होकर भारतमाला ओवरब्रीज क्रांसिंग के पास इन्वेंचर स्कूल मोड़ के दाहिने ओर अपनी वाहन पार्क करेंगेए एंव व्हीआईपी वाहन इन्वेंचर स्कूल ड्रायर्वसन पाईंट से 100 मीटर आगे बांये ओर अपनी वाहन पार्क करेगें। वापसी के दौरान भी उसी रूट में गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगें। कांकेर, बालोद, दुर्ग, धमतरी की ओर आने वाले श्रद्धालुओं एंव व्हीआईपी के लिए पार्किंग व्यवस्था एवं रूट व्यवस्था कुरूद बायपास से सूर्य नमस्कार चौक, कृष्णा राईस मिल आकर बांये ओर अपने वाहन पार्क करेगें एंव व्हीआईपी कृष्णा मिल से आगे चरमुडिया मोड के पहले दाहिने ओर अपने वाहन पार्क करेगें वापसी के दौरान भी उसी रूट में गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम स्थल पहुचने हेतु निर्देश- महासमुंद राजिम नवापारा से आने वाले श्रद्धालु एंव व्हीआईपी ग्राम भरदा भारतमाला ओवरब्रीज ड्राप गेट से पैदल कार्यक्रम स्थल में पहुंचेगें। गरियाबंद, नगरी, सिहावा, मगरलोड से आने वाले श्रद्धालु एंव व्हीआईपी ग्राम उमरदा भारतमाला ओवरब्रीज ड्राप गेट से पैदल कार्यक्रम स्थल में पहुंचेगें। कांकेर बालोद दुर्ग धमतरी की ओर आने वाले श्रद्धालु एंव व्हीआईपी ग्राम चरमुडिया मोड़ ड्राप गेट से पैदल कार्यक्रम स्थल में पहुंचेगें। साथ ही पंडित श्री प्रदीप मिश्रा जी के कथन वाचन के दौरान कार्यक्रम स्थल पर निम्न वस्तु वस्तुएं प्रतिबंधित रहेगी- बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, गुटखा,पान मसाला, चाकू, कैंची, कटर, नेलकटर, पिन,आलपिन, पेचकस इत्यादि धारदार वस्तुए। महगें आभूषण एवं ज्यादा नगद राशि लेकर न जावें। धमतरी पुलिस महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, दुर्ग, कांकेर, रायपुर, धमतरी, नगरी, सिहावा की ओर से आने जाने वाले समस्त वाहन चालकों एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने श्रद्धालुओं से अपील करती है, कि दिनांक 16 मई से 22 मई 2024 तक आवागमन के दौरान उपरोक्त निर्धारित मार्ग का प्रयोग एवं प्रतिबंधित वस्तु को लेकर कार्यक्रम स्थल में न आये कार्यक्रम को सफल बनाने में धमतरी पुलिस का सहयोग करें।

# बालको ने समुदाय में सुरक्षा संस्कृति के विकास को दिया बढ़ावा





पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत समुदाय में सुरक्षा की संस्कृति के विकास को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल किये है। कंपनी पूरे साल सड़क से विभिन्न सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजन करने के लिए कटिबद्ध है। ये सभी प्रशिक्षण सत्र रोड, फायर और होम सेफ्टी पर केंद्रित हैं। सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने समुदाय के 10 प्रमुख क्षेत्रों में 35 यातायात संकेतक स्थापित किए हैं। इस पहल से समुदाय के 4000 सदस्यों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा मिला है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 में सफलतापूर्वक 70 से अधिक सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये। विभिन्न सत्रों, क्विज़, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग के माध्यम से कंपनी ने स्कूली बच्चों सहित समुदाय के 2000 लोगों को सुरक्षा प्रशिक्षण दिया है और जिसमें वेदांता स्किल स्कूल के छात्र भी शामिल है। कंपनी ने 16 मास्टर ट्रेनर विकसित किए हैं जो समुदाय के भीतर बालको के शून्य क्षति संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे। ये सभी ट्रेनर समाज में सक्रिय रहकर सुरक्षा सत्र, सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और सुरक्षा संस्कृति के महत्व के प्रति समुदाय को जागरूक किया है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न पहल का आयोजन किया गया है। सड़क सुरक्षा के प्रति ट्रक ड्राईवर सहित समुदाय में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सड़क सुरक्षा कैलेंडर लॉन्च किया था। सुरक्षा कैलेंडर की मदद से रक्षात्मक ड्राइविंग की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। कंपनी ने साईकिल से स्कूल जाने वाले 120 विद्यार्थियों को हेलमेट प्रदान कर उन्हें सुरक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। सर्वमंगला मंदिर के डायवर्सन से रिंग रोड पर भारी वाहनों के बढ़े दबाव को देखते हुए कंपनी ने रिश्दी से ध्यानचंद चौक तक की सड़क के जिर्णोद्धार सहित रिश्दी से रुमगढ़ा तक जगह-जगह पर चौड़ीकरण का किया गया। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने 6 किमी तक थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर 12 स्पीड ब्रेकर, कई जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किया है। कंपनी ने आग से बचाव के उपाय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किये। बालको की अग्नि सुरक्षा टीम सभी आपातकालीन परिस्थितियों में समुदाय के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वित्त वर्ष 2024 में अग्निशमन विभाग ने 200 से अधिक आपात स्थितियों का जवाब दिया है। प्रशिक्षण में आपातकालीन प्रतिक्रिया में तेजी को बढ़ाने के लिए अग्निशामक यंत्र के उपयोग, सीपीआर तकनीक और आग रोकथाम प्रोटोकॉल पर निर्देश शामिल थे। कंपनी निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से समुदाय के भीतर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है।

# शिक्षकों के प्रभावी प्रशिक्षण के लिए बनेंगे मापदंड : परदेशी

## कक्षा 1 से 12वीं तक एनईपी के अनुरूप पाठ्य सामग्री में होगा बदलाव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी ने एस सीईआरटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त्वरित क्रियान्वयन हेतु लोक शिक्षण संचालनालय समग्र शिक्षा व एनसीईआरटी के अधिकारियों के साथ बैठक की। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई अनुशंसा अनुसार व छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को ध्यान में रखकर कक्षा 1 से 12वीं तक की पुस्तकों का शीघ्र निर्माण किया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता हेतु प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने डीपीआई समग्र शिक्षा व एससीईआरटी तीनों के समन्वय से एक सप्ताह के भीतर रणनीति बनाकर प्रशिक्षण प्रारंभ करें। स्कूल शिक्षा विभाग के सभी प्रमुख निकायों के बेहतर समन्वय से ही शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने स्टेट करिकुलम फ्रेमवर्क हेतु स्टीयरिंग कमेटी की बैठक अशासकीय संस्थाओं के लिए रणनीति पाठ्य पुस्तक व प्रशिक्षण रणनीति एक सप्ताह में निर्धारित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तहत कक्षा एक से 12 तक पाठ्य पुस्तक नवंबर दिसंबर तक तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बुनियादी कार्य को प्राथमिकता प्रदान करने व अतिरिक्त कार्य जैसे छत्तीसगढ़ की अन्य भाषाओं बोलियां में सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए द्य सचिव परदेशी ने सबसे ज्यादा फोकस प्रशिक्षण को प्रभावित प्रशिक्षण बनाने पर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों व शिक्षकों के चिन्हांकन व चयन का मापदंड निर्धारित किया जावे उन्होंने आवश्यकता आधारित वी परिणाम मूलक प्रशिक्षण, अवधि में वृद्धि किए जाने बच्चों में लीडरशिप व पर्सनालिटी डेवलपमेंट सहित महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में एससीईआरटी शिक्षा महाविद्यालय के अलावा प्रशासनिक कार्य करने वाले अधिकारियों अर्थात प्राचार्य स्तर की ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में व अन्य शिक्षकों की ट्रेनिंग ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान जैसे शासकीय संस्थानों में भी किया जावे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के शिक्षकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जिले व ब्लॉक स्तर पर भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का आयोजन किया जावे उन्होंने 27 मई से सभी डाइट में व ब्लॉक मुख्यालय में 10 जून से प्रशिक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC | LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/कैट./रिफ्रेशमेंट रूम/01 – 5 वर्षों की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम में केटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई–निविदा–सह–ई–नीलामी निविदा दस्तावेज (पीआरवाईजे, वीजीएलबी, केजीएम एवं सीएनबी)। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com
2. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/कैट./जन आहार/01 – 5 वर्षों की अवधि के लिए जन आहार में केटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई–निविदा–सह–ई–नीलामी निविदा दस्तावेज (एनडीएलएस)। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com
3. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/ओपन टैंडर/01 – बी, सी एवं डी श्रेणी रेलवे स्टेशनों (मथुरा छावनी एवं लक्सर जक्शन) में फूड प्लाजा की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com
4. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/ओपन टैंडर/02 – निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों (रूद्रपुर सिटी, पूरनपुर एवं बबिना) में फास्ट फूड यूनिट की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com
5. खुली ई–निविदाएं ट्रेनों में ऑनबोर्ड कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ट्रेनों के कलस्टरों के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि जो आगे 02 वर्ष तक विस्तारयोग्य है, खुली ई–निविदाएं। निविदाओं की सीरीज जमा करने एवं खुलने की अंतिम तिथि क्रमशः 07.06.2024 को 12:00 बजे एवं 12:15 बजे होगी।
6. खुली ई–निविदा सं.: आईआरसीटीसी/आरएन/पीईटी रेजिन/एबीएच/2024/आरए – एक (01) वर्ष की अवधि के लिए रेल नीर प्लांट अम्बरनाथ (महाराष्ट्र) में पीईटी रेजिन की आपूर्ति के लिए सह–रिवर्स ऑक्शन। ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 24.05.2024 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए क्र. सं. 1–6 के लिए www.irctc.com पर, क्र. सं. 1–5 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र. सं. 6 के लिए GeM पोर्टल देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल क्र. सं. 1–5 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र. सं. 6 के लिए GeM पोर्टल पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, तो उसे केवल क्र. सं. 1–6 के लिए www.irctc.com पर एवं क्र. सं. 1–5 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र. सं. 6 के लिए GeM पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय पता: 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, ई–मेल: qualityco@irctc.com; फोन: 011-23311263/64; फैक्स: 011-23311259

# नियम विरुद्ध खरीदी करने पर पीडब्ल्यूडी के दो ईई की वेतन वृद्धि रुकी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पीडब्ल्यूडी विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। दो कार्यपालन अभियंता अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है। दोनों अधिकारियों ने क्रय नियमों का उल्लंघन कर खरीदी में भ्रष्टाचार किया था। जिसके बाद दोनों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी विभाग में ईई के पद पर पदस्थ एफटोप्पो और नरसिंह पैकरा ने नियमों को ताक पर रखकर खरीदी की थी। जिसके बाद दोनों अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है। एफ टोप्पो पीडब्ल्यूडी के नारायणपुर संभाग में ईई के पद पर पदस्थ थे और नरसिंह पैकरा पीडब्ल्यूडी के कांकेर संभाग में ईई के पद पर पदस्थ थे। भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद मामले की जांच की गई और पुष्टि होने के बाद दोनों के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

**बचे हुए अधिकारियों के लिए भी यह एक संदेश : अरुण साव**

इस पूरे मामले को लेकर विभागीय मंत्री अरुण साव ने कहा कि, जहां भी गड़बड़ी मिलेगी वहां कड़ी करवाई की जाएगी। यह बाकी अधिकारियों के लिए भी एक संदेश है कि, अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाएं और विधिसम्मत काम करें। यदि कोई भी गड़बड़ी मिलेगी तो कार्रवाई होगी।

# चार चरणों तक हिन्दू-मुसलमान करने वाले हार के भय से बयान बदल रहे : दीपक बैज

**चार चरणों बाद अंतत: मोदी रोने को मजबूर हुये**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चार चरणों 379 सीटों के चुनाव हो चुके है। जनता ने मोदी विभाजनकारी एजेंडे को नकार दिया है। मोदी को पता चल चुका है कि उनकी सरकार वापस नहीं आ रही है। उनके हिन्दू, मुस्लिम और मीट, मटन, मंगलसूत्र को जनता ने नकार दिया है। अब आखिरी के तीन चरणों में मोदी को यह बयान देने को मजबूर होना पड़ा है कि वह हिन्दू-मुसलमान करने में भरोसा नहीं करते है जबकि उनकी और भाजपा की पूरी राजनीति इसी के ईर्द-गिर्द घूमती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश भर में विपक्ष को ईडी, सीबीआई का भय दिखाने वाले प्रधानमंत्री मोदी सत्ता हाथ से जाने के भय से रोने को मजबूर हो गये है। यही जनता के वोट की ताकत है। जनता के मत के सामने बड़े-बड़े की हेकड़ी निकल जाती है। निर्वाचित सरकारों को सत्ता बल, धन बल से गिराने वाले अपनी सरकार के जाने के डर से रोना शुरू कर चुके है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर चुनाव प्रचार कर रहे है। राहुल गांधी सच और जनता की आवाज उठा कर चुनाव प्रचार कर रहे है। देश में मोदी सरकार और मोदी के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी है। जनता, इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने मतदान कर रही है। कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी है।

# छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना कर्मचारी हित का बड़ा कदम

**छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व पंजाब तीनों राज्यों के बीच जानकारी विनिमय का एमओयू**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीम ने योजना की भरपूर सराहना की है। योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा उपरान्त मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने इस योजना को सफल परियोजना प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। उन्होंने इस योजना को मध्यप्रदेश पॉवर कंपनी में लागू करने की इच्छा जताई, वहीं पंजाब पॉवर कार्पोरेशन को इस योजना से नई राह मिली है। इस अवसर पर तीनों राज्यों की बिजली कंपनियों व छत्तीसगढ़ की क्रियान्वयन एजेंसी के बीच एक एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के कैशलेस स्वास्थ्य योजना के मॉडल को मध्यप्रदेश तथा पंजाब में भी अपनाया जा सकता है। इस बैठक में मध्यप्रदेश व पंजाब स्टेट सेक्टर के चारों पॉवर कंपनियों से आये अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम को बधाई दी व ताली बजाकर इस कार्य की प्रशंसा की। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह मॉडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रही है। जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को हो रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की यह योजना कर्मचारी, कंपनी व हॉस्पिटल सभी के लिए हितकारी सिद्ध हो रही है। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना के बारे में हमने सुना था यहाँ आकर इस योजना को पूरे मध्यप्रदेश की पॉवर कंपनियों में लागू करने में हमारा आत्म-विश्वास बढ़ा है। यह योजना बहुत प्रभावी है। पंजाब स्टेट पॉवर कार्पोरेशन से आए डी.के. गोयल ने कहा कि पंजाब में इसी तरह की कैशलेस योजना लागू की गई थी पर वह सफल नहीं हो सकी थी, यहाँ आकर हमने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य योजना का सूक्ष्मता से अध्ययन किया है। छत्तीसगढ़ में बहुत मेहनत से रिसर्च की गई और योजनाबद्ध ढंग से इसे लागू किया गया है। हमने जिन दिक्कतों का सामना किया था उनका समाधान इस योजना में है। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधि अमित मेहरोलिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की स्वास्थ्य योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है, कंपनी की ओर कर्मियों के लिए सामाजिक दायित्व का बेहतर उदाहरण है। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 59,097 हितग्राही इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। पंजीकृत हॉस्पिटलों की संख्या 267 हो चुकी है।

# छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् द्वारा दसवीं और बारहवीं परीक्षा परिणाम घोषित

## 10वीं में 98.48 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण, 12वीं 98.43 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव अलका दानी द्वारा आज छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर आयोजित वर्ष 2024 का मुख्य परीक्षा परिणाम विद्यामण्डलम् कार्यालय में घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम 96.35 प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 3 हजार 504 परीक्षार्थी (कक्षा 9वीं से 12वीं तक) शामिल हैं, जिसमें बालक 2 हजार 90 एवं बालिकाएं 1 हजार 414 हैं। वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिसमें (9वीं से 12वीं) में 3 हजार 196 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें बालक 1 हजार 891 और बालिकाएं 1 हजार 305 उत्तीर्ण हुए। कक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) का परीक्षा परिणाम 98.48 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (10वीं) में दर्ज संख्या 801 (बालक 503, बालिकाएं 298) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 777 (बालक 486, बालिकाएं 291) परीक्षा में उर्तीण रहे। 470 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 284 बालक-बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रहे तथा 23 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 7 परीक्षार्थी पूरक आएं एवं 5 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे। प्रावीण्य सूची में गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जर्वे जांजगीर-चांपा की छात्रा चंद्रभागा कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) का परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (12वीं) में दर्ज संख्या 589 (बालक 333, बालिकाएं 256) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 565 (बालक 317, बालिकाएं 248) परीक्षा में उर्तीण रहे। 462 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 96 वालक-बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रहे तथा 7 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 9 परीक्षार्थी पूरक आएं। प्रावीण्य सूची में श्री रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट जिला बलरामपुर की छात्रा यामिनी भगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव अलका दानी ने कहा कि मण्डल की मुख्य परीक्षा 2024 की परीणाम घोषित करने में मण्डल के अधिकारी-कर्मचारी अमूल्य सहयोग रहा है। इसके लिए मण्डल के सभी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र है। समस्त सफल परीक्षार्थियों को बधाई तथा शुभकामनाएं देती हूं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

# ढाबा संचालक से मारपीट पुलिस ने किया मामला दर्ज

**बैकुंठपुर।** हाईवे रोड में संचालित पंचदीप ढाबा के मालिक को ढ़ाबे के सामने से कार को हटवाना महंगा पड़ गया गुसाए युवको ने ढाबा मालिक के साथ-साथ कर्मचारी एवं कुत्ते की भी पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया, घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है मामला चरचा थाने का है। घटना के संबंध में पंचदीप ढाबा के मालिक विपिन कुमार ने चरचा थाने में मामला दर्ज कराया है प्रथम सूचना तत्व में युवक ने बताया की खरवत चेरवापारा में रहता हु व पंचदीप ढाबा चलाता हु। 11. 5. 2024 को अपने ढाबा में हेल्पर कैलाश वैष्णव के साथ काम कर रहे थे उसी समय रात के लगभग 11:30 बजे ढाबा के सामने विश्वजीत व अनिल राजवाड़े ने कार खड़ी कर दी तब मैं शालीनता से दोनों को होटल ढाबा के सामने से कार हटाने का अनुरोध किया तो उस समय माधव ढाबा का संचालक मुकेश सिंह वहां पर आ गया और कहनेन लगा मत हटाओ यह क्या कर लेगा ऐसा बोलकर उनको उकसाने लगा तब वह दोनों युवक गुस्से में आकर मुझे गाली देने लगे और पास से पड़ा पत्थर उठाकर मेरे सिर में मार दिए जब मैं गिर गया तो मेरा हेल्पर मुझे बचाने दौड़ा तो राड़ निकालकर मेरे हेल्पर को भी मारे जब यह सब देखकर मेरा कुत्ता भौंकने लगा तो राड से मेरे कुत्ता को भी मारे जो घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। घटना के संबंध में मैं अपने भाई सचिन और प्रमोद को बताया हूं और उसके बाद थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराया पुलिस ने घायल युवाक की रिपोर्ट पर अनिल राजवाड़े, विश्वजीत सिंह, मुकेश सिंह के खिलाफ 294, 506, 323, 336, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403